तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




जान का खतरा मोल लेकर रेलवे ट्रैक पर स्नान करते यात्री।

## खबर संक्षेप

### आरोपी को छोड़ा, प्रधान आरक्षक लाइन अटैच

**बिलासपुर।** रतनपुर थाने में मारपीट के मामले में प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने और लेनदेन कर लापरवाही बरतने के मामले में एसएसपी ने प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है। रतनपुर क्षेत्र में आपसी वाद-विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने के बाद प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों को थाने ले आई। बाद में आरोपियों से लेनदेन कर उसे थाने से भगा दिया गया। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें थाने से छोड़ने का मामला सामने आया। पीड़ति पक्ष ने मामले की शिकायत एसएसपी से की, जिसपर एसएसपी रजनेश सिंह ने थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक उमाशंकर राठौर को लाइन अटैच कर दिया है।

### नगर निगम के अफसर कर्मियों का बदला कार्यभार

**बिलासपुर।** नगर निगम में अधिकारी कर्मचारियों के कार्यभार में बदलाव किया गया है। इसके तहत संजय शर्मा अधीक्षण अभियंता को सीवरेज परियोजना का कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य के साथ अमृत मिशन और स्मार्ट वॉटर ड्रेन प्लान सौंपा गया है। इसके साथ ही संजय शर्मा को सेंट्रल लाइब्रेरी के पास सड़क का काम, प्रधानमंत्री की बस सेवा और 13 और 14 वें वित्त आयोग का काम सौंपा गया है। एसपी साहू कल्पना अभियंता को प्रधानमंत्री आवास योजना के समस्त का काम सौंपा गया है। कार्यपालन अभियंता अनुपम तिवारी को जल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, साइंस कॉलेज खेल मैदान का काम, सिटी बस सेवा, ठोस ऑफिस प्रबंधन का काम अमृत मिशन पार्ट 2 के साथ स्वच्छ भारत मिशन का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### 23 को रवाना होंगे तीर्थयात्री

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक बिलासपुर रेल्वे स्टेशन से तीर्थस्थल पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क के लिए 375 तीर्थयात्री तथा 11 शासकीय अनुरक्षक सहित 386 तीर्थयात्रियों का दल रवाना होगा। इसके लिए समाज कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार उक्त तीर्थदर्शन यात्रा तिथि में संशोधित किया गया है। आगामी तीर्थदर्शन यात्रा तिथि 24 अप्रैल से 27 अप्रैल तक आयोजित किया गया है।

### दैवेभो कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि

**बिलासपुर।** कलेक्टर बिलासपुर ने जिले के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक एवं दैनिक न्यूनतम वेतन, परिवर्तनशील महंगाई भत्ते का पुनः निर्धारण किया है। यह निर्धारण 1 अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025 तक के लिए किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उच्च कुशल श्रेणी जोन ब के श्रमिकों को अब प्रतिमाह 13126 रुपए और जोन स के श्रमिकों को 12866 रुपए प्राप्त होगा। कुशल श्रेणी जोन ब के श्रमिकों को प्रतिमाह 12346 रुपए एवं जोन स के श्रमिकों को 12086 रुपए मिलेंगे।

### सहायक जिला समन्वयक पद के लिए आवेदन 15 से

**बिलासपुर।** जिला पंचायत में राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर सहायक जिला समन्वयक के पद पर संविदा भर्ती के लिए 15 से 24 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित है। संविदा भर्ती के लिए निर्धारित सेवा शर्तें, अर्हता एवं योग्यता रखने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट से आवेदन कर सकते हैं। जारी पद के लिए जानकारी जिला पंचायत कार्यालय बिलासपुर के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

# 4 बड़ी योजनाएं, सालाना 50 करोड़ से अधिक का बजट फिर भी 30 हजार से अधिक बच्चे हर साल छोड़ रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में शाला त्यागी (ड्रापआउट) बच्चों को मुख्य धारा में लाने के लिए चार बड़ी योजनाएं चल रही हैं। इस पर सालाना 50 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च भी की जा रही है। इसके बाद भी 30 हजार से अधिक बच्चे पढ़ाई छोड़ रहे हैं। इस साल भी 30 हजार बच्चों ने अब तक स्कूल छोड़ा है। इस पर लगाम लगाने के लिए शिक्षा विभाग ने प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यार्थियों की ट्रैकिंग करने के लिए ट्रैकिंग सूचकांक निर्धारित किया है। इसके तहत बसाहट, ग्राम, वार्ड, शाला संकुल, विकासखंड, जिला और राज्य स्तर पर प्रतिदिन बच्चों की ट्रैकिंग होगी। ऐसे गांव, वार्ड जहां शून्य ड्राप आउट होगा, उन्हें शून्य ड्रापआउट का तमगा मिलेगा।

शिक्षा विभाग के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो प्राथमिक और मिडिल के साथ ही आठवीं के बाद नवमी और दसवीं में लड़के और लड़कियों की संख्या कम हो जाती है। यही वजह है कि अब स्कूल से आईटीआई को जोड़ने कवायद चल रही है। दावा है कि जब बच्चों को रोजगारमूलक शिक्षा मिलेगी, तो पढ़ाई में उनकी रुचि बढ़ जाएगी। इस तरह वे मजदूरी करने के बजाय कोई अच्छा हुनर सीखने के लिए कोशिश करेंगे। इसके दूसरी ओर शाला त्यागी बच्चों के लिए ओपन स्कूल के अंतर्गत परीक्षा आयोजित की जाती है। इसके लिए भी जो पाठ्यक्रम बनाए गए हैं, उसमें गुणवत्ता नहीं है। यही वजह है कि जिन लोगों के लिए ओपन स्कूल खोले गए हैं, वे ही नहीं जा रहे हैं।

अलग खबर

### लड़के, लड़कियों के अलग कारण

दरअसल लड़कियों को 7 वीं के बाद माता-पिता स्कूल भेजने में कतराते हैं। इसकी 3 बड़ी वजह हैं। पहला स्कूल में टॉयलेट की व्यवस्था नहीं होने के साथ ही पेयजल तथा सेनिटेशन से जुड़े अन्य अभाव रहते हैं। इसके साथ ही 11 वीं-12 वीं में शादी होना भी बड़ी वजह है। लड़कों के स्कूल छोड़ने के अलग कारण हैं। खासकर गरीब और मजदूर वर्गों में उन्हें 10 वीं के बाद काम करने के लायक मान लिया जाता है। यह मानसिकता भी है कि जो पढ़ाया जा रहा है, वह भविष्य में कभी काम तो आएगा नहीं। इसीलिए रोजगार के लिए बच्चे माता-पिता के साथ या अलग से जाने लगते हैं और पढ़ाई छोड़ देते हैं।





- इस साल भी अब तक 30 हजार बच्चों ने छोड़ा स्कूल
- अब संकुल, विकासखंड, जिला स्तर पर होगी बच्चों की ट्रैकिंग

### प्राथमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या

| वर्ष | शाला त्यागी | मुख्यधारा में आए |
|---|---|---|
| 2024 | 29922 | जानकारी ले रहे |
| 2023 | 27,695 | 26,074 |
| 2022 | 13,737 | 11,944 |
| 2021 | 27,695 | 26,074 |

### ड्रापआउट रोकने के लिए योजनाएं

- बच्चों को मध्याह्न भोजन में ताजा स्वादिष्ट अन्न दिया जा रहा
- विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और गणवेश दिया जा रहा
- आश्रम शाला, पोटा केबिन, आवासीय विद्यालय का संचालन
- बालिकाओं के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय

### ड्रापआउट की संख्या कम हो रही

हालांकि देखा जाए तो ड्राप आउट की संख्या लगातार कम भी हो रही है। शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रारंभिक स्तर में 27,695 शाला त्यागी बच्चे थे, जिनमें से कुल 26,074 (94.15 प्रतिशत) बच्चों को फिर से स्कूलों तक लाया गया है। इसी प्रकार शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रारंभिक स्तर में 13,737 शाला त्यागी बच्चे चयन किए गए थे, जिनमें से कुल 11,944 (86.95 प्रतिशत) बच्चों को मुख्यधारा में लाया गया है। 2024-25 में करीब 30 हजार बच्चों ने स्कूल छोड़ा है। इनसे संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। इसी तरह सेकेंडरी स्तर के ड्रापआउट बच्चों को ओपन स्कूल के माध्यम से परीक्षा दिलवाई जाती है। इसमें शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कुल 27,083 और शैक्षणिक सत्र 2022-23 में 18,948 बच्चे ओपन स्कूल के माध्यम से 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में शामिल हुए थे।

### योजनाओं का मिल रहा लाभ

ड्रापआउट बच्चों की संख्या में लगातार कमी आई है। योजनाओं का लाभ तो मिल रहा है। इस साल भी शिक्षा विभाग ने प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यार्थियों की ट्रैकिंग करने के लिए ट्रैकिंग सूचकांक निर्धारित किया है। इसके तहत बसाहट, ग्राम, वार्ड, शाला संकुल, विकासखंड, जिला और राज्य स्तर पर प्रतिदिन बच्चों की ट्रैकिंग होगी। ऐसे गांव, वार्ड जहां शून्य ड्राप आउट होगा, उन्हें शून्य ड्रापआउट का तमगा मिलेगा।

- **आरपी आदित्य,** संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग







### मेल, दूरंतो डायवर्ट, आजाद हिंद सहित कई मुख्य ट्रेनें 25 तक रद्द होने से लाखों यात्री हलाकान

**36 ट्रेनें रद्द**

# सफर करने हीराकुंड एक्सप्रेस के गार्ड के डिब्बे में घुस गए यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर के बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम करने के लिए 36 ट्रेनों को 25 अप्रैल तक रद्द करने का असर शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन पर दिखाई दिया, उपलब्ध ट्रेनों में यात्रा करने के लिए स्टेशन में यात्रियों का हुजूम उमड़ पड़ा। यात्रियों को जब रायगढ़ जाने के लिए दूसरी ट्रेन नहीं मिली तो लोग हीराकुंड एक्सप्रेस के जनरल कोच से लेकर स्लीपर कोच और गार्ड के कोच में यात्री सवार हो गए। इसके कारण हीराकुंड में ड्यूटी करने वाले टीटीई और गार्ड को भी कोच में चढ़ने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 2100 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे 206 किलोमीटर चौथी लाइन के बचे हुए काम करने के लिए 36 ट्रेनों को 11 से 24 अप्रैल तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया। वर्तमान में यह कार्य रायगढ़ से झारसुगुड़ा सेक्शन में कोतरलिया स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने के लिए शुरु किया गया है। इस लाइन को जोड़ने के लिए रेल प्रशासन ने मेल, एक्सप्रेस, दूरंतो सहित कई मेमू ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसमें ज्यादातर ट्रेनें सुबह की शामिल हैं, जिसमें प्रतिदिन सबसे अधिक एमएसटी धारक सफर करते हैं। सुबह बिलासपुर से रायगढ़ की ओर जाने के लिए सैकड़ों की संख्या में यात्री बिलासपुर स्टेशन में पहुंच गए। इस दौरान ट्रेनों के रद्द का अनाउंसमेंट भी लगातार किया जा रहा था। सबसे जरूरी ट्रेन बिलासपुर से रायगढ़ की ओर जाने वाली लोकल के पहिए को रोकने का आदेश दे दिया गया था, इसकी वजह से मेमू भी स्टेशन के प्लेटफार्म तक नहीं आ सकी। यात्री दूसरी ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। सुबह 9 बजे प्लेटफार्म नम्बर 1 पर अमृतसर से विशाखापट्टनम की ओर जाने वाली हीराकुंड एक्सप्रेस पहुंची। ट्रेन के पहुंचते ही यात्री जनरल कोच में सवार होने की कोशिश करने लगे, लेकिन कोच में भीड़ के कारण उन्हें दरवाजे के अंदर तक जाने की जगह नहीं मिल सकी। स्लीपर कोच में भी भीड़ होने के बाद यात्रियों को ट्रेन के आखिर में लगा गार्ड वैन दिखाई दिया, जिसमें गार्ड को छोड़कर यात्री सवार होना शुरु हो गए।

### जनरल कोच खचाखच

कई दिनों के बाद हीराकुंड एक्सप्रेस में यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई। प्रतिदिन सुबह 4 बजे अमृतसर से बिलासपुर आकर विशाखापट्टनम जाने वाली हीराकुंड एक्सप्रेस सुबह 9 बजे यानि पांच घंटे लेट प्लेटफार्म नम्बर एक पर पहुंची। रायगढ़ की ओर जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को ट्रेन रद्द के कारण जनरल कोच में सवार होना पड़ा। यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के कारण कई यात्रियों को सफर करने के लिए कोच के प्रसाधन का सहारा लेना पड़ा। इसमें कई बच्चे भी भीड़ में दब गए। इस दौरान जब ट्रेन रवाना होने लगी तो कई यात्री दरवाजे पर लटककर सवार हो गए।

### बुलाना पड़ा आरपीएफ को

गार्ड वैन में केवल गार्ड की ड्यूटी लगाई जाती है, जिसके ग्रीन और रेड सिग्नल दिखाने के बाद ही ट्रेन आगे रवाना होने के साथ ही रोकी जाती है। इस वैन में गार्ड अकेले बैठते हैं, जिनके पास ट्रेनों में तकनीकी खराबी को दूर करने और डेटोनेटर सहित अन्य जरूरी सामान होते हैं। हीराकुंड एक्सप्रेस के स्टेशन पर रूकते ही गार्ड वैन में सवार होने के बाद स्टाफ को चढ़ने की जगह नहीं मिल सकी। इसके कारण गार्ड को आरपीएफ का सहयोग लेना पड़ा। आरपीएफ के स्टाफ को मौके पर पहुंचने के बाद यात्रियों को गार्ड वैन से बाहर करने में काफी मशक्कत करना पड़ा।

### अधिक परेशानी महिलाओं को

ट्रेनों के रद्द करने के कारण सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को हो रही है। दैनिक यात्रियो में बड़ी संख्या में महिला यात्री भी होती हैं, जो सरकारी और निजी कार्य के लिए प्रतिदिन ट्रेनों में सफर करती हैं। इसमें यात्रियों को सफर करने के लिए सुबह बिलासपुर से रायगढ़ की ओर जाने वाली चार मेमू ट्रेनों की सुविधा मिल जाती है, जिसका भी रेल प्रशासन ने आर्डर देकर पहियों को रोक दिया है। ट्रेनों के रद्द होने के कारण यात्री न तो बिलासपुर से चांपा, अकलतरा, रायगढ़ तक जा पा रहे हैं और न ही उनका सफर रायगढ़ से रायपुर तक पूरा हो पा रहा है।

### यात्रियों में दिखी नाराजगी

शुक्रवार से रेल प्रशासन ने 36 ट्रेनों में मेल और दूरंतो के साथ आजादहिंद एक्सप्रेस, गीतांजली एक्सप्रेस के अलावा टाटा-इतवारी, संतरागाछी-जबलपुर, दरभंगा-सिकंदराबाद, पुणे-संतरागाछी, भुवनेश्वर-कुर्ला, बिलासपुर-पटना, एलटीटी-शालीमार, हावड़ा-शिरडी, हटिया-एलटीटी, पोरबंदर-शालीमार और एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस के अलावा बिलासपुर-रायगढ़ के बीच चलने वाली चार मेमू को रद्द कर दिया है। इसमें बिलासपुर स्टेशन से सुबह जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हुई। ट्रेन रद्द के कारण यात्रियों ने नाराजगी भी जाहिर की।

# रिकार्ड पूर्ण नहीं करने पर क्लर्क को नोटिस

- एक सप्ताह में अपडेट करने की दी चेतावनी
- कमिश्नर ने किया कलेक्टोरेट एवं जिला अस्पताल का निरीक्षण

**बिलासपुर।** संभागायुक्त महादेव कावरे ने शुक्रवार 11 अप्रैल को जिला कलेक्टोरेट और जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेख एवं पंजियों के रखरखाव में पाई गई कमियों को एक सप्ताह में अपडेट करने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय की खाद्य शाखा की सहायक वर्ग 2 भारती सिंह को कैश बुक एवं सेवा पुस्तिका अपूर्ण रखने पर शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, एडीएम आरए कुरूवंशी, शिवकुमार बनर्जी, सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री कावरे ने शुक्रवार को जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्व में किए गए निरीक्षण टीप एवं इनके पालन प्रतिवेदन की जानकारी ली। जिला कार्यालय में उन्होंने कलेक्टर न्यायालय, नाजिर शाखा, वित्त शाखा, रिकार्ड रूम, खाद्य शाखा, खनिज शाखा एवं कोषालय शाखा, अपर कलेक्टर न्यायालय, निर्वाचन शाखा, नजूल शाखा का निरीक्षण किया। उन्होंने पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग में संचालित श्रम विभाग सहित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया।



### सुबह 10 बजे तक नहीं पहुंचे डॉक्टर जताई नाराजगी

श्री कावरे ने आज जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। विभिन्न वार्डों में पहुंचकर मरीजों से बातचीत की और मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सुबह 10 बजे तक डेंटल एवं आर्थोपेडिक डॉक्टर एवं उनके सहयोगी स्टॉफ के नहीं पहुंचने पर नाराजगी जाहिर की। श्री कावरे ने जिला अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र भी देखा। 19 कुपोषित बच्चों की भर्ती कर देखरेख की जा रही है। उन्होंने बच्चों की माताओं से चर्चा कर यहां दिए गए सलाह के अनुरूप बच्चों का लालन-पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती स्थानीय तेलीपारा निवासी 70 वर्ष से ज्यादा उम्र की महिला का तत्काल वय वंदन आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश भी दिए। जिला अस्पताल में संधारित विभिन्न मदों की पंजी, सेवा पुस्तिका, बिल पंजी आदि का अवलोकन किया। बचे कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने की मोहलत दी। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता, हॉस्पिटल कंसल्टेन्ट शेफाली कुमावत भी उपस्थित थीं।

# जरहाभाठा स्कूल की क्लर्क दो महिला भृत्य सस्पेंड

- वरिष्ठ कार्यालय में अपनी संस्था के विरुद्ध शिकायत करने का मामला

**बिलासपुर।** बिना संस्था प्रमुख के अनुमति के वरिष्ठ कार्यालय में अपनी संस्था के विरूद्ध शिकायत प्रस्तुत करने व समझाइस दिए जाने के बाद भी वरिष्ठ अधिकारियों व कार्यालय की शिकायत करने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने जरहाभाठा हाईस्कूल की एक महिला क्लर्क और दो महिला भृत्यों को सस्पेंड कर दिया है।

इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक क्लर्क और दोनों महिला भृत्यों का स्कूल की प्राचार्य से विवाद चल रहा था। इसी विवाद की शिकायत करने के लिए तीनों स्टाफ पहले जिला शिक्षा विभाग और फिर कलेक्टर के पास पहुंच गई। कलेक्टर ने इस बारे में नाराजगी जताई थी और जिला शिक्षा अधिकारी से जवाब मांगा था कि तीनों स्टाफ बिना उच्च अधिकारी की अनुमति के कैसे पहुंच गई। शिक्षा विभाग ने भी इसे गंभीरता से लिया और तीनों स्टाफ को नोटिस जारी किया गया था। जवाब सही नहीं पाए जाने पर तीनों को सस्पेंड कर दिया गया है। इसमें श्रीमती सुषमा पाण्डेय (सहायक ग्रेड-3, शा०हाई स्कूल जरहाभाठा) को सस्पेंड किया गया है। इससे पहले महिला क्लर्क को नोटिस दिया गया। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने की स्थिति में निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में महिला क्लर्क का मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हा में रहेगा। इसी तरह गीता राही (भृत्य) को भी सस्पेंड किया गया है। निलंबन अवधि में महिला भृत्य का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर में रहेगा। इसके साथ ही रश्मि विश्वकर्मा (भृत्य) को भी सस्पेंड किया गया है। निलंबन अवधि में महिला भृत्य का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर में रहेगा।

### हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव और बिलासपुर रेलवे के डीआरएम से जवाब मांगा

# स्टेशन पर महिला को एंबुलेंस नहीं मिली, हाईकोर्ट ने कहा- मुफ्त की योजनाएं हैं, फिर भी लोगों को सुविधाएं नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग और रेलवे की लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार की मुफ्त की योजनाएं हैं, फिर भी लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव और बिलासपुर रेलवे के डीआरएम से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा है कि व्यवस्था सुधार के लिए क्या किया जा रहा है इसकी पूरी जानकारी कोर्ट में पेश करें। साथ ही यह बताने कहा है कि इमरजेंसी में एंबुलेंस सुविधा आखिर उपलब्ध क्यों नहीं हो पाती।



दरअसल, दंतेवाड़ा में एंबुलेंस नहीं मिलने से मरीज की मौत और बिलासपुर रेलवे स्टेशन में कैंसर पीड़ति महिला का शव ले जाने एंबुलेंस सुविधा नहीं मिलने को लेकर हाईकोर्ट ने सुनवाई शुरू की है। याचिका के मुताबिक रायपुर से बिलासपुर आकर यहां से बुढ़ार जाने के लिए ट्रेन में सफर कर रही एक कैंसर पीड़ित महिला रानी बाई (62) की मौत हो गई। ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने पर शव को उतारकर कुली की मदद से उन्हें स्ट्रेचर से गेट नंबर एक के बाहर तक लाया। वहां पर एंबुलेंस का ड्राइवर गायब था। थोड़ी देर बाद वह आया, लेकिन बॉडी ले जाने से मना कर दिया। महिला के परिजनों के परिचितों के जरिए दूसरे एंबुलेंस का इंतजाम किया और वहां से एक घंटे बाद रवाना हो गए। उन्हें बिलासपुर से शाम वाली ट्रेन पकड़कर बुढ़ार जाना था। वहीं, दंतेवाड़ा जिले गीदम में 11 घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंचने के कारण इलाज में देरी हुई, जिससे मरीज की मौत हो गई। इस दौरान परिजन बार-बार 108 को कॉल करते रहे। लेकिन, सुबह के बजाए एंबुलेंस रात में आई। इसके चलते मरीज की जान चली गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया।

### रेलवे अस्पताल प्रबंधन क्या कर रहा

हाईकोर्ट ने मीडिया रिपोर्ट पर जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार कैंसर पेसेंट को एंबुलेंस नहीं दिला पा रही है। रेलवे में भी अस्पताल है। इसके बाद भी महिला को एंबुलेंस नहीं मिली। राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि राज्य सरकार लोगों को फ्री एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करा रही है, जिस पर कोर्ट ने कहा कि डिवीजन बेंच ने कहा कि यह तो स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही है। मरीज को एंबुलेंस नहीं मिला तो उसकी जान ही चली गई। हाईकोर्ट ने रेलवे और स्वास्थ्य विभाग से जवाब मांगा है।


श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर
विशेष छूट...
जायसवाल सुपर ट्राली
महिन्द्रा जायरो वेटर
Mahindra
फायनेंस सुविधा उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता:-
जायसवाल एग्रो
• उस्लापुर, नेवर सिटी, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
• हाईटेक बस स्टेण्ड के पास, शिवम मोटर्स के सामने, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 8109972432
9926909996


श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक सोनी
भारतीय जनता पार्टी, बिलासपुर


जय श्री राम
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अभय बरूआ


|| जय श्री राम ||
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चरण सेवक
विजय वर्मा भा
सभापति (विधि, तथा सामान्य प्रशासन विभाग)
नगर पालिका परिषद बोदरी


श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Sprinkler Pipe
बुकिंग कराने पर विशेष छूट
(सब्सिडी में उपलब्ध)
एस. एस. स्टील सेंटर
1/10 नेहरु कॉम्प्लेक्स, व्यापार विहार, बिलासपुर,(छ. ग.)
ब्रांच ऑफिस : अनुराग पेट्रोल पंप के सामने, मस्तूरी रोड, ढेका (छ. ग.)
9827478595/9425543733/9172106842


हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गोस्वामी कंस्ट्रक्शन
यदुनंदन नगर में 18 लाख से 40 लाख तक मकान उपलब्ध
सम्पूर्ण भवन निर्माण
आपके प्लाट पर बजट के अनुरूप मकान का कार्य कराने हेतु संपर्क करें
पता: यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर (छ.ग.) मो. 06260181787


श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रशांत त्रिपाठी
संभाग अध्यक्ष- युवा जनता कांग्रेस (जे)
अजय सोनी


श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
तेजसिंह मोटर ड्रायविंग ट्रेनिंग स्कूल
पता : सरकण्डा, मुक्तिधाम चौक से चांटीडीह रोड, राजस्व कॉलोनी, बिलासपुर (छ.ग.), मो. : 94241-68148, 93406-12493
हमारा प्रयास, हर एक को रोजगार परक बनाना
हमसे जुड़िये !
हमारा मार्ग दर्शन - आपकी मेहनत आपको सफलता तक पहुंचाएगा
कलेक्शन सेंटर
होटल इंटरसिटी के पास, जयमल चौक, मेन रोड तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.), मो. 8081629384
महाराणा प्रताप चौक, रिंग रोड, गौरव पथ, बिलासपुर (छ.ग.)
मुंद्रा हॉस्पिटल के पहले, गंगा नगर फेस -1, बिलासपुर (छ.ग.)


काशीराव गाढ़े
उपाध्यक्ष-भारतीय मजदूर संघ बिलासपुर
श्रीमती रीना गाढ़े
हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सौजन्य
मेसर्स हर्ष कंस्ट्रक्शन
मेसर्स HRD इंटरप्राइजेज
A Class Electrical Contractor
कु. देविका गाढ़े
हर्ष राव गाढ़े
बजरंग फेब्रिकेशन के सामने, महर्षि स्कूल रोड, मंगला, बिलासपुर


श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजकुमार भोई
श्री जय अम्बे मां
डी.जे. एवं टेन्ट केटरिंग सामान
भागवत कथा, रामायण, शादी, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य मांगलिक अवसरों के लिए डी.जे., टेन्ट, केटरिंग सामान उपलब्ध हैं
अंबिका इंटर स्टीडिओ के पिछे, विकास नगर, तिफरा, बिलासपुर, मो. : 9329613369, 8815656495

## खबर संक्षेप

### पार्षद तिवारी ने विकलांग लव को दिलाई ट्राई साइकिल



**बिलासपुर।** वार्ड 32 शहीद विनोद चौबे के मसानगंज निवासी लव यादव का कुछ समय पहले एक ट्रेन दुर्घटना में पैर कट गया। उन्हें रोजाना आने-जाने एवं चलने में काफी दिक्कतों एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने पार्षद अमित तिवारी से संपर्क किया और ट्राई साइकिल देने का निवेदन किया। जिस पर तत्काल जिला पुनर्वास विभाग के संबंधित अधिकारी से संपर्क कर पार्षद द्वारा लिखित आवेदन पत्र के माध्यम से उनसे निवेदन किया गया। तत्पश्चात दो दिन बाद लव यादव के दिनचर्या को सुगम बनाने के लिए शासन द्वारा ट्राई साइकिल दिलवाई गई। इसके लिए संबंधित अधिकारी का भी धन्यवाद व्यापित किया गया।

### नए शिक्षण सत्र प्रारंभ होते ही प्रारंभ हुई यातायात की पाठशाला



**बिलासपुर।** एसएसपी राजनेश सिंह के मार्गदर्शन में नए शिक्षण सत्र प्रारंभ होते ही विभिन्न स्कूलों में यातायात की पाठशाला पुनः प्रारंभ किया गया है। यातायात के प्रभारी राम गोपाल करियारे एडिशनल एसपी के दिशा निर्देश में आज व्यापार विहार स्थित ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में यातायात की पाठशाला आयोजित की गई। इसमें मास्टर ट्रेनर उमाशंकर पांडे आरक्षक रोशन खेस, भुवनेश्वर मरावी ने विद्यार्थियों को यातायात से जुड़ी बारीक जानकारी दी। विद्यार्थियों को हमेशा यातायात के नियमों के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ भी दिलाई गई। श्री करियरे ने बताया कि यह क्रम अब लगातार चलता रहेगा।

### सूर्यवंशी समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान कल

**बिलासपुर।** सूर्यवंशी समाज के तत्वावधान में राम ग्राफिक्स के सौजन्य से सूर्यवंशी समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 13 अप्रैल को लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में होगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक होंगे। समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कोटा विधायाक अटल श्रीवास्तव, मेयर पूजा विधानी, सूर्यवंशी समाज के जिला अध्यक्ष नंद किशोर डहरिया, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सीपत इंजी. रामेश्वर खरे, त्रिलोकी नाथ खरे, मनीष सेंगर, अरुना चंद्रप्रकाश सूर्या होंगी।

कानन पेण्डारी से भेजा जाएगा भालू और चौसिंघा

# कानन में दहाड़ेगा ग्वालियर का व्हाइट टाइगर





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर**

ग्वालियर जू के व्हाइट टाइगर की दहाड़ अब कानन पेण्डारी जू में सुनाई देगी। कानन प्रबंधन ने ग्वालियर जू से व्हाइट टाइगर की मांग की है, जिसके एवज में कानन जू से ग्वालियर जू को भालू और चौसिंघा दिया जाएगा।

■ दोनों जू से वन्यप्राणियों के प्रदान की प्रक्रिया शुरू

कानन पेण्डारी जू को मीडियम जू का दर्जा सीजेडए से मिल गया है। कानन जू में 750 से अधिक शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणी हैं, जिसमें कई वन्यप्राणियों की संख्या जरूरत से अधिक है। सीजेडए के नियमानुसार एक जू से दूसरे जू में वन्यप्राणियों का अदान प्रदान करने की प्रक्रिया है। इसके तहत कानन जू में पहले भी दूसरे जू से वन्यप्राणियों को दिए जाने और लाने का कार्य किया गया है। इसी तरह अब ग्वालियर जू से व्हाइट टाइगर लाने का निर्णय लिया गया है। कानन प्रबंधन के अनुसार वर्तमान में कानन पेण्डारी जू में टाइगर की संख्या पर्याप्त है, जिसमें मादा और नर मिलाकर तीन व्हाइट टाइगर और सात बंगाल टाइगर सहित संख्या 10 है। इसमें अब बढ़ोत्तरी की जा रही है, जिसके तहत अब एक नर व्हाइट टाइगर को ग्वालियर जू से लाने के लिए चर्चा हो रही है।

इस व्हाइट टाइगर के ग्वालियर से बिलासपुर के कानन पेण्डारी में आने के बाद टाइगर की संख्या 10 से बढ़कर 11 में पहुंच जाएगी। इसके एवज में कानन पेण्डारी जू से ग्वालियर जू को एक मादा भालू और दो चौसिंघा भी दिए जाएंगे। वर्तमान में भालुओं की संख्या 9 और चौसिंघा की संख्या 16 है। कानन प्रबंधन के अनुसार यह प्रक्रिया अभी चल रही है, जिसमें जल्द ही दोनों जू से वन्यप्राणियों का अदान प्रदान किया जाएगा।

### मैत्री बाग से लाए जाएंगे सांभर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में सांभर लाने की तैयारी की जा रही है। जंगल सफारी रायपुर से पूर्व 50 से अधिक चीतल एटीआर में लाए गए थे। इसके लिए प्रबंधन ने छपरवा में एक अलग बाड़ा भी तैयार कर लिया है। इसके साथ ही अब एटीआर प्रबंधन ने सांभर को जंगल में लाने की तैयारी शुरु कर दी है। अचानकमार टाइगर रिजर्व में सांभर की संख्या कम है। कानन पेण्डारी जू भी अब एटीआर बायोस्फेयर में शामिल हो गया है। कानन जू से मगरमच्छ और कोटरी की मांग पहले मैत्री बाग जू प्रबंधन की ओर से की गई थी, जिसके लिए कानन प्रबंधन ने सहमति दे दी। दोनों प्रजाति की कानन पेण्डारी जू में पर्याप्त संख्या है। मैत्री बाग प्रबंधन और कानन जू प्रबंधन के आपसी चर्चा के बाद केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण सीजेडए ने भी इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### मांगी जाएगी अनुमति

अचानकमार टाइगर रिजर्व में मैत्री बाग से सांभर लाया जाना है। भविष्य में बाघों की संख्या बढ़ाने पर काम किया जा रहा है। कानन जू से मैत्री बाग में मगरमच्छ और कोटरी देने के लिए सीजेडए ने अनुमति दे दी है। इसके लिए एनटीसीए से भी अनुमति ली जाएगी, जिसके बाद ही 20 सांभर को एटीआर में लाकर छोड़ा जाएगा।

**-यूआर गणेश**
डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

# सम्मेलन ने संगठन को दी मजबूती: अटल



**बिलासपुर।** गुजरात के अहमदाबाद में 8 एवं 9 अप्रैल को कांग्रेस का महाअधिवेशन हुआ। जिले से अभा कांग्रेस कमेटी के सदस्य अटल श्रीवास्तव शामिल रहे।

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि यह सम्मेलन कांग्रेस की संगठन को गांधी, नेहरू और पटेल के सिद्धांतों पर चल कर मजबूती देने का काम किया। अभा कांग्रेस कमेटी के विस्तारित कार्य समिति की बैठक में केन्द्र सरकार की वर्तमान जन विरोधी नीतियों के खिलाफ न्याय पथ के रास्ते पर चलकर कई प्रस्ताव पेश किए गए जिस पर सार्थक चर्चा हुई। अधिवेशन में छग प्रभारी सचिन पायलेट द्वारा प्रेस राजनीतिक प्रस्ताव, देश के वर्तमान राजनीतिक हालात पर अपनी बात रखी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने संगठन की मजबूती के लिए सुझाव दिए। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि अभा कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी ने संगठन को मजबूत बनाने कई सुझाव दिए जो स्वीकार किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी प्रस्ताव के माध्यम से अपनी बात रखी।

### इनकी रही उपस्थिति

सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस देव, ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, धनेन्द्र साहू, शिव डहरिया, उमेश पटेल, सांसद फूलो देवी नेताम, सांसद ज्योत्सना महंत, विधायक देवेन्द्र यादव, संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, बिलासपुर प्रभारी सुबोध हरितवाल, रवि घोष, गिरिश देवांगन, आरपी सिंह सहित अनेक नेता शामिल रहे।

# सीयू में पीएचडी प्रवेश: 15 से साक्षात्कार

**बिलासपुर।** गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट वीआरईटी के माध्यम से पीएचडी में प्रवेश दिया जाता है। वीआरईटी के नतीजे यूनिवर्सिटी ने पिछले माह ही घोषित कर दिए थे और अब पीएचडी में प्रवेश के लिए 15 अप्रैल से साक्षात्कार शुरू होगा। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीएचडी के 687 सीटों पर प्रवेश दिया जाना है जिसमें 314 सीटें इंट्रेंस टेस्ट के जरिए भरे जाएंगे।

■ इंट्रेंस टेस्ट माध्यम से भरे जाएंगे 314 सीट

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीएचडी में प्रवेश के लिए साक्षात्कार 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक लगातार तीन दिनों तक चलेगा और अलग-अलग डिपार्टमेंट में अलग-अलग तिथियों में साक्षात्कार होगा। यूनिवर्सिटी में इस बार रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट के लिए 27 जनवरी से 20 फरवरी तक आनलाइन आवेदन लिए गए थे। इसमें 1400 स्टूडेंटस ने रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट के लिए आवेदन किया था। यूनिवर्सिटी द्वारा 9 मार्च को रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट आयोजित किया गया था, जिसमें 850 स्टूडेंटस शामिल हुए थे, जबकि 550 स्टूडेंटस इंट्रेंस टेस्ट में अनुपस्थित रहे। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने मार्च माह में रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट के परिणाम घोषित किया गया था। यूनिवर्सिटी में पीएचडी के 687 सीटों में से 314 सीट इंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से भरे जाएंगे, जबकि 373 सीट एक्समप्टेड कैटेगरी वाले हैं जिसमें इंट्रेंस टेस्ट में बैठने की आवश्यकता नहीं है।

यूनिवर्सिटी के हिन्दी, इंग्लिश, इलेक्ट्रानिक्स, कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इन्फार्मेशन टेक्नालाजी, केमिकल इंजीनियरिंग, इण्डस्ट्रीयल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, एंथ्रोपोलाजी एंड ट्राईबल डेव्हलपमेंट, बॉटनी, जूलाजी, कामर्स, मैनेजमेंटस स्टडी, मैथ्समेटिक, फार्मेसी, केमेस्ट्री, इकानॉमिक्स, हिस्ट्री, एजुकेशन, फिजिकल एजुकेशन, बायोटेक्नालाजी, रूरल टेक्नालाजी एंड सोशल डेव्हलपमेंट, फोरेसिंक साइंस, लॉ आदि डिपार्टमेंट में पीएचडी में प्रवेश दिया जाएगा।

### सेमेस्टर परीक्षा फार्म 15 से भरे जाएंगे

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के लिए आनलाइन परीक्षा फार्म 15 अप्रैल से भराए जाएंगे। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने परीक्षा फार्म भराए जाने अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर वाले छात्र-छात्राओं की कक्षाएं लग रही हैं। वहीं दूसरी तरफ स्नातक सेकंड ईयर व फाइनल ईयर की वार्षिक परीक्षा भी चल रही है। स्नातक द्वितीय सेमेस्टर नियमित, स्वाध्यायी परीक्षार्थी तथा कालेजों, यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के सभी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठयक्रमों एवं विधि संकाय के स्नातक, स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर का आनलाइन परीक्षा फार्म यूनिवर्सिटी के वेब पोर्टल पर 15 अप्रैल से भराना शुरू होगा और परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित किया गया है।

# एसएसपी ने विवेचकों की ली क्लास, दी हिदायत



**बिलासपुर।** शिकायतों की लंबित सूची को लेकर एसएसपी रजनेश सिंह सरकंडा थाने पहुंचे और विवेचकों की क्लास ली। इस दौरान उन्होंने लंबित मामले निपटाने, मामलों में साक्ष्य जुटाने और लंबित मामलों पर जांच कर कोर्ट भेजने का आदेश दिया। उन्होंने कहा की प्रार्थियों की शिकायत पर त्वरित मामला दर्ज किया जाए और मामलों को गंभीरता से लिया जाए।

एसएसपी रजनेश सिंह औचक निरीक्षण में सरकंडा थाने पहुंचे। इस दौरान सीएसपी, टीआई और सभी विवेचक मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि शिकायत पर कार्यवाई नहीं होने पर विवाद कई बार बढ़ते हैं, इसे लेकर उन्होंने विवेचकों को त्वरित कार्यवाही करने कहा। पुराने लंबित मामले में पूरक चलान पेश कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिकायत पर जल्द से जल्द निराकरण किया जाना चाहिए। महत्पूर्ण साक्ष्य परीक्षण के लिए भेजे जाते हैं, लेकिन इसे शीघ्रता से प्राप्त नहीं किया जाता है। इसे लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि जून 2024 से लेकर अक्टूबर तक 44 लोगों के गुंडा फाइल खोली है और लगातार ऐसे लोगों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराध में सबसे पहले प्रथम सूचना पंजीबद्ध किया जाना सुनिश्चित कर जांच करने के निर्देश दिए हैं, इससे अपराधियों के हौसले पस्त होते हैं और जल्द जांच होने से पार्थियों में न्याय के प्रति आस्था प्रदर्शित होती है।



## खबर संक्षेप

### पानी टेंकर खरीदने विधायक ने स्वीकृत की 11 लाख की राशि



**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह ने अपनी विधायक निधि से तखतपुर नपा के लिए 3 पानी टेंकर खरीदने हेतु 11 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की। गर्मी के कारण पूरे नगरपालिका क्षेत्र में पेयजल का संकट बना हुआ है एवं नपा में टेंकर उपलब्ध नहीं होने के कारण समस्या और बढ़ गई है। इसे देखते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने विधायक निधि से टेंकर के लिए 11 लाख रूपए स्वीकृत किए। इस राशि से तखतपुर नपा को टेंकर मिल जाएगा, जिससे वार्डो में पानी आपूर्ति की संभव हो सकेगी।

### हजरत मूसा शहीद दरगाह के अध्यक्ष बने वादिर



**रतनपुर।** जूना शहर में स्थित दरगाह हजरत मूसा शाहिद के इंतिजामिया कमेटी द्वारा नए कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से वादिर खान को अध्यक्ष चुना गया एवं मो हकीम को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही हुसैन खजांची दाऊद को सचिव बनाया गया। इस बैठक में मुस्लिम समाज के लोग भारी सख्या मे मौजूद रहे।

### सुशासन तिहार के दौरान आवेदन देने लोगों में दिखा उत्साह



**बोदरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार की शुरुआत बिलासपुर जिले में जबरदस्त उत्साह के साथ हुई एवं आवेदन प्रक्रिया के दौरान लोगों में भारी उत्साह नजर आया। इसी क्रम में बरतोरी में शिकायत पेटी लगई गई, जिसमें कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अधिकांश आवेदन नागरिकों की मांगों, जनसेवाओं और सुविधाओं से संबंधित रहे। खास बात यह रही कि शिकायतों की संख्या बेहद कम रही, इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि आम जनता सरकार की योजनाओं और कार्यप्रणाली पर भरोसा जता रही है। बिलासपुर कलेक्टर अविनाश शरण के निर्देशन में सुशासन तिहार के तहत आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया 11 अप्रैल तक चली। यह जनता से सीधे संवाद और समाधान का एक प्रभावी माध्यम बन रहा है। सुशासन तिहार में पूर्व जपं सभापति डॉ लक्ष्मण यादव, प्रभारी अधिकारी अगुस्टीन तिग्गा, राजेन्द्र डहरिया, सरपंच मनहरण नेताम, नरेश जायसवाल, विजय राजपूत सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन उपस्थित रहे।

### अवैध उत्खनन करते 1 जेसीबी और 4 ट्रैक्टर जब्त



**लोरमी।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में तहसीलदार शेखर पटेल एवं नायब तहसीलदार शांतनु तारम और टीम ने ग्राम सारधा के तालाब में दबिश देकर उत्खनन करते हुए 1 जेसीबी और 4 ट्रैक्टरों को जब्त किया है। जिला खनिज अधिकारी श्रीमती ज्योति मिश्रा ने बताया कि संबंधित वाहनों को जब्त कर लोरमी थाना के सुपुर्द किया गया है और वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## निधन

### विक्रम वर्मा



**बिलासपुर।** गोलबाजार हरदेव लाल मंदिर के सामने रहने वाले विक्रम वर्मा का 11 अप्रैल को निधन हो गया। वे 32 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 12 अप्रैल को दोपहर 1 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अधिवक्ता स्व. हरीश वर्मा के पुत्र व आशुतोष वर्मा के भाई थे।

### महुआ बीनने गई 3 महिलाओं पर भालू ने किया हमला, 1 की हालत गंभीर

# जंगल में नहीं मिल रहा खाना-पानी गांव-कस्बों का रुख कर रहे भालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भर्रीडांड़

मरवाही वनमंडल के गुल्लीडांड़ वन परिक्षेत्र में शुक्रवार सुबह महुआ बिनने गई तीन महिलाओं पर जंगली भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले में महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिसमें एक की हालत गंभीर है। महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर मार्निंग वॉक पर निकले ग्रामीणों ने शोर मचा कर भालू को जंगल की ओर खदेड़ा एवं तुरंत वन विभाग को घटना की सूचना दी गई।

सूचना पर वन अमला मौके पर पहुंचा एवं 108 का मदद से घायल महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां महिलाओं का प्राथमिक उपचार किया गया। एक महिली की स्थिति को देकते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार प्रमिला यादव पति रामप्रसाद यादव उम्र 40 वर्ष सुबह 6 बजे महुआ बिनने के लिए गांव से लगे जंगल की ओर गई हुई थीं, इसी दौरान अचानक पीछे से जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। इनके चीखने की आवाज सुनकर सैर के लिए निकले ग्रामीणों ने शोर मचा कर भालू को भगाया, लेकिन भालू ने महिला महुआ बीन रही करगी कला निवासी दो अन्य महिलाओं पर भी हमला कर दिया। हमले में सुमित्रा बाई पति केसव दास उम्र 55 वर्ष, दसोदिया बाई पती लालचन्द उम्र 60 वर्ष घायल हो गईं, जिनका इलाज मरवाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है एवं दोनों खतरे से बाहर हैं। गुल्लीडांड़ परिक्षेत्र के वनरक्षक मनमोहन राजवाड़े का कहना है कि सुबह ग्रामीणों से सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंच कर और घायलों को मरवाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। आपात कालीन सेवा के टेक्नीशियन गडशेवर पुरी ने बताया कि गुल्लीडांड़ निवासी महिला प्रमिला यादव गंभीर रूप से घायल हैं, जिनको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। अन्य दो महिलाओं का इलाज मरवाही में ही चल रहा है।



भालू के हमले से घायल महिला।

### पानी व खाने की तलाश में पहुंच रहे

तेज गर्मी के बाद जंगलों से वन्य जीव पानी और भोजन की तलाश में आबादी वाले क्षेत्रों की ओर पहुंच रहे हैं। वन्य जीवों का भोजन चार चिरौंजी, महुआ, तेंदू, जैसे वनोपज ग्रामीण तोड़कर ले आते हैं। मरवाही वनमंडल पूरे छत्तीसगढ़ में भालू लैंड के नाम से विख्यात है। पूरे एशिया में सफेद भालू मरवाही वनमंडल मे पाया जाता है।

### मुनादी कराई गई

गांवों में विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से मुनादी करा दी गई है कि सुबह महुआ बिनने के लिए जंगल की ओर ना जाएं। दिन में 9 बजे के बाद जाएं, जिससे सभी सुरक्षित रहेंगे। रही बात वनों की कटाई की तो यह सच है कि कटाई हो रही है, लेकिन कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, ऐसे में कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

**- मोहर सिंह मरकाम**, एसडीओ,मरवाही

### जंगलों की बेतरतीब कटाई

समाज सेवी प्रकाश चंद राय, प्रताप रजक, दुखीराम प्रजापति का कहना है कि जंगल के अंदर तो जंगली जानवरों को खाने के लिए कुछ बचा ही नहीं है, अंधाधुंध वनों की कटाई से परेशान जंगली जानवर अपनी भूख-प्यास बुझाने के लिए कहा जाएं। ऐसे में वे आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आते हैं। कहने को तो बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर वनों में जामुन, अमरूद, बेर, चार, अमलतास आदि पेड़ों के होने की जानकारी दी गई है, लेकिन वनों के अंदर कुछ भी नहीं है। जो पेड़ थे उनको काट लिया गया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि वन विभाग की नाक के नीचे यह सब कुछ हो रहा है, लेकिन विभाग मूक बधिर बना हुआ है। जनपद सदस्य शिम्मी दिलीप साहू कहना है कि भालू के हमले से घायल हुई महिलाओं की जानकारी मिली है, शासन प्रशासन की ओर से उनको हर संभव मदद दिलाने की कोशिश की जाएगी ।

### रिहायशी इलाकों में आ रहे

जंगल में पानी की कमी के कारण अब भालू रिहायशी इलाकों में आने लगे हैं। पिछले दिनों मरवाही क्षेत्र के दानीकुंडी गांव में भालू घुसने से रिहायशी इलाके में अफरा तफरी मच गई। भालू बंशीताल गांव से निकलकर पेंड्रा मरवाही सड़क पर पहुंच गया, जहां लोग अपने घरों के सामने साफ सफाई कर रहे थे व कुछ लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। जब अचानक उनके सामने भालू पहुंचा तो सभी हड़बड़ा कर इधर उधर भागने लगे। लोगों की आवाज सुनकर भालू भी जंगल की ओर भागने का रास्ता ढूंढने लगा। किसी तरह भालू सड़क किनारे बने दीवार पर चढ़कर जंगल की ओर कूद गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



## टीआई सतपथी ने गांव में चौपाल लगाकर किया जनसंवाद

**सीपत।** क्षेत्र के ग्राम सेलर में शुक्रवार को सीपत पुलिस ने जनचौपाल का आयोजन किया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचे। जनचौपाल में थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने उपस्थित होकर ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से सुना। चौपाल के दौरान लोगों ने पुलिस व्यवस्था, अवैध गतिविधियों और स्थानीय मुद्दों को लेकर अपनी बात रखी।

थाना प्रभारी ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया और कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। इस अवसर पर टीआई सतपथी ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि जनता की भागीदारी से ही अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। चौपाल के आयोजन से ग्रामीणों में सकारात्मक माहौल देखने को मिला और लोगों ने पुलिस प्रशासन के इस पहल की सराहना की। ज्ञात हो कि सीपत पुलिस लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों से सीधे जुड़कर उनकी समस्याएं सुन रही है। साथ ही समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रयास भी कर रही है। इसके अलावा पुरानी शिकायतों की जांच, विवेचना, आरोपी की पतासाजी एवं निगरानी बदमाशों की चेकिंग भी की जा रही है। टीआई ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आप पुलिस के सहयोगी बनें। आप और हम मिलकर गांव व समाज को अपराधमुक्त बनाएंगे, इसके लिए आपका सहयोग जरूरी है। इसके बाद गांव के पूर्व सरपंच सुरेश भार्गव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है कि थाना प्रभारी अपने पूरे स्टाफ के साथ गांव पहूच कर जनसंवाद का आयोजन कर रहे हैं। इस दौरान संतोष सिंह ठाकुर, छत्रपाल सिंह, बहोरन दीवान, किशोर सिंह, विनोद कश्यप, उपसरपंच रामरतन केंवट सहित गांव के पंच, गणमान्य नागरिक सहित एएसआई शिव सिंह बक्साल, धर्मेंद्र यादव, प्रधान आरक्षक परमेश्वर सिंह, कौशल वस्त्रकार, महिला आरक्षक प्रियंका मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## फरार आरोपियों को पकड़वाने एसपी ने की ईनाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



षड्यंत्रपूर्वक एवं डरा-धमकाकर जमीन रजिस्ट्री एवं पैसे की वसूली करने वाले फरार आरोपियों पर एसपी भोजराम पटेल ने ईनाम की घोषणा की है। गई। फरार आरोपियों के संबंध में जानकारी देने या उन्हें पकड़वाने वाले को 5 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

मुंगेली निवासी आयुष प्रताप सिंह उर्फ समीर ठाकुर, आयुष ठाकुर, राजू साहू, सूरज मक्कड, प्रदीप सिंह ठाकुर एवं लवजीत सिंह के द्वारा डरा-धमकाकर छलपूर्वक प्रार्थी सिद्धार्थ वैद पिता स्व. अशोक कुमार बैद उम्र 21 वर्ष निवासी गोल बजार गांधी वार्ड मुंगेली एवं आवेदक की माता की जमीन की अपने साथी के नाम जबरन रजिस्ट्री कराई गई तथा चेक एवं बैंक ट्रांजेक्शन के माध्यम से डरा-धमकाकर कुल करीबन 60 लाख रुपए अवैध रूप से डरा-धमकाकर छलपूर्वक वसूल किया गया। मामले में पहले ही आयुष प्रताप सिंह उर्फ समीर ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी घटना दिनांक से फरार हैं जिनकी लगातार पतासाजी की जा रही है। उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुंगेली एसपी ने 5 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की है। आरोपियों का पता बताने या गिरफ्तार कराने वाले को ईनाम दिया जाएगा। सूचना बताने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## सचिवों की हड़ताल से गांव के विकास कार्यों में हो रही परेशानी



**सीपत।** जिले की ग्राम पंचायतों में काम करने वाले पंचायत सचिवों की हड़ताल जारी है। पंचायतों में व्यवस्था संभालने के लिए कोई जिम्मेदार अफसर नहीं है। ऐसे में गांव के विकास कार्यों में दिक्कते हो रही हैं।

पंचायत सचिवों के हड़ताल पर जाने से नवनिर्वाचित सरपंचों को अधिकार और शक्तियां नहीं मिल पाई हैं। इससे गांवों का मूलभूत व्यवस्था गड़बड़ा गई है। न पेयजल सही तरीके से मिल रहा है न ही साफ- सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो रही है और न ही अन्य काम हो रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीपत क्षेत्र के सरपंचों ने सचिवों की हड़ताल तक पंचायतों में नोडल अधिकारी नियुक्त करने की कलेक्टर से मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम निगम आयुक्त अमित कुमार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, दर्राभांठा सरपंच एनल धृतलहरे, जांजी सरपंच चंद्रकली, खोंधरा सरपंच सीमा, बनियाडीह सरपंच कविता सिदार, मुड़पार सरपंच दिलीप मननेवार, धनियां सरपंच प्रहलाद यादव, बरेली सरपंच रामखिलावन, कौवताल सरपंच, खम्हरिया सरपंच शैलेन्द्र खांडेकर, बिटकुला सरपंच बुधवारा बाई, किसान परसदा सरपंच सहित मस्तूरी ब्लॉक के अन्य सरपंच भी शामिल रहे।

## जिपं सदस्य कौशिक ने विजयी खिलाड़ियों को दिए पुरस्कार

**तखतपुर।** क्रिकेट प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कौशिक शामिल हुए और विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया।

ग्राम पंचायत मोछ में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में संबोधित करते हुए शिवेंद्र कौशिक ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य केवल खेल का प्रदर्शन करना ही नहीं है बल्कि इसके पीछे मानसिक और शारीरिक क्षमता का विकास करना होता है। खेल के माध्यम से खिलाड़ी को अपनी क्षमता के निखारने का अवसर मिलता है। खेल के माध्यम से सामुहिक प्रयास, सहयोग, एकता और नेतृत्व की भावना का भी विकास होता है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर दिनांक 11.04.2025

ग्राम फरहदा के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम फरहदा प.ह.नं. 28 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 16 रकबा 2.73 ए. एकड़ भूमि की नामांतरण के लिए श्री रामकली बाई पति स्व. बैसाखू निवासी कोपरा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 21.04.25 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 11.04.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202404250500159
अ-27/2023-24
ग्राम हथनीकला प.ह.नं. 02

// नोटिस //

प्रति, 1. दुर्गा पुत्री स्व. अशोक सिंह ठाकुर निवासी सरस्वती शिशु मंदिर के बाजू इंदिरा बाड़ी के पास उसलापुर बिलासपुर (छ.ग.) 2. सोनिया पुत्री स्व. अशोक सिंह ठाकुर, 3. गायत्री पुत्री स्व. अशोक सिंह ठाकुर निवासी सकरी अटल आवास के पीछे गोकली नाला के पास सकरी बिलासपुर (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी सुमित्रा पिता स्व. अशोक सिंह निवासी शांति नगर वार्ड क्र. 17 बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार पथरिया के रा.प्र.क्र. 202309251800020/ अ-27/2023-24 में पारित आदेश दिनांक 22/04/2024 से क्षुब्ध होकर छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील मय शपथ पत्र एवं अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 28/04/2025 को प्रातः 11 बजे नियत है। अतः आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 07/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
पथरिया, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202404250500079
अ-6-अ/2023-24
ग्राम ढोढ़ापुर प.ह.नं. 21

// नोटिस //

प्रति, 1. दिनेश पिता स्व. छबीलाल, 2. महेश पिता स्व. छबीलाल, 3. केवरा बाई पिता स्व. छबीलाल, 4. पूर्णिमा पुत्री स्व. छबीलाल, 5. गायत्री पुत्री स्व. छबीलाल, 6. बेलसिया बाई बेवा स्व. छबीलाल निवासी ग्राम ढोढ़ापुर तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदकुमार पिता स्व. गोफेराम निवासी ग्राम ढोढ़ापुर, तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम ढोढ़ापुर तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा खसरा नम्बर 344/1 रकबा 0.1130 हे. को आवेदक गण के दादा स्व. मुखीराम पिता स्व. पतिया द्वारा पंजीकृत बैनामा से क्रय किया गया है। उक्त भूमि में अनावेदक गण के नाम पर दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 15/04/2025 को प्रातः 11 बजे नियत है। अतः आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 04/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
पथरिया, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने कक्षीकार, श्री राज नजात आ. स्व. श्री नजात अली, निवासी सत्वा डिविनिटी, नयन्दाहल्ली, बेंगलूरु-39, कर्नाटक, 'की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित किए जाने पर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे कक्षीकार एवं उनके भाई श्री अजय नजात एवं बहनों के बीच उनके पिता की सम्पति, जो जरहाभाठा, सिंधी कॉलोनी रोड में स्थित है, के विभाजन की डिक्री लोक अदालत से दिनांक 20/07/2014 को पारित किया गया है। विभाजन डिक्री के नक्शे में प्रत्येक के प्राप्त भाग को निश्चित करते हुए दर्शाया गया है। विभाजन डिक्री के नक्शे में श्री अजय नजात अली के भाग को "GHIJKLMN" द्वारा दर्शित करते हुए उनको प्रदान किया गया है। विभाजन डिक्री के नक्शे में मेरे कक्षीकार एवं श्री अजय नजात अली के भागों के बीच में 15 फुट X 104.8 फुट का रास्ता दोनों के उपयोग के लिए छोड़ा गया है। रास्ते के अलावा रास्ते के अंत में मेरे कक्षीकार के स्वामित्व की लगभग 535 वर्ग फुट भूखण्ड भी है। श्री अजय नजात अली द्वारा पूर्व में उक्त रास्ते के भूखण्ड को अपने स्वत्व के होने की घोषणा कराने हेतु सिविल न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया था जो निरस्त कर दिया गया, तथा उस प्रकरण की अपील नहीं की गई है। प्रकरण मे मेरे कक्षीकार एवं श्री अजय नजात अली के द्वारा प्रकरण को निपटाने के लिए एक समझौतानामा मैं नक्शा प्रस्तुत करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया गया था लेकिन माननीय न्यायालय ने समझौते व नक्शे को लोक अदालत के निर्णय का उल्लंघन मानते हुए आवेदन के साथ निरस्त कर दिया।

विश्वसनीय स्त्रोतों से मेरे कक्षीकार को जानकारी हुई है की श्री अजय नजात अपनी सम्पति को तथा उपरोक्त वर्णित रास्ते तथा मेरे कक्षीकार के 535 वर्ग फुट भूखण्ड को अपना बताते हुए विक्रय करने का प्रयास कर रहा है। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा श्री अजय नजात से उपरोक्त रास्ते के भूखण्ड एवं मेरे कक्षीकार के भूखण्ड के साथ क्रय किया जाएगा तो वह श्री अजय नजात के साथ अवैध कृत्य करने का दोषी होगा। मेरा कक्षीकार इस प्रकार के अवैध कृत्य के लिए क्रेता एवं विक्रेता दोनों के विरुद्ध सिविल व आपराधिक कार्यवाही करने को स्वतंत्र एवं बाध्य होगा।

भवदीय
सोमन्त पाण्डेय
अधिवक्ता,
मेन रोड, जूना बिलासपुर,
बिलासपुर छ.ग.
मो. 9826412461

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं /अ-6/2024-25

पक्षकार- मोहम्मद फिरोज खान पिता स्व. मोहम्मद सफदर खान....आवेदक **बनाम** अनीस अहमद खान पिता स्व. नूर खान वगैरह... अनावेदकगण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद फिरोज खान पिता स्व. मोहम्मद सफदर खान निवासी राजेन्द्र नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा नजूल शीट नं. 47 प्लाट नं. 28/1 रकबा 14201 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में आवेदक की माता अजीजा बेगम पिता स्व.बसीर अहमद एवं अन्य के नाम पर दर्ज है। श्रीमती अजीजा बेगम की मृत्यु दिनांक 29.09.1998 को हो चुकी है। आवेदिका एवं अनावेदिका श्रीमती अफरोज परवीन पति मोहम्मद हसीर खान के नाम पर दर्ज है। आवेदक के द्वारा उक्त भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 02/05/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा ! आज दिनांक 03/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं /अ-6/2024-25

पक्षकार- सलमान कुरैशी पिता स्व. खुर्शीद बख्श कुरैशी वगैरह....आवेदकगण **बनाम** फैसल कुरैशी पिता स्व. फिरोज बख्श कुरैशी वगैरह.. अनावेदकगण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सलमान कुरैशी पिता स्व. खुर्शीद बख्श कुरैशी वगैरह निवासी गोड़पारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा नजूल शीट न. 47 प्लाट नं. 28/1 रकबा 14201 व.फु. भूमि स्थित है । उक्त भूमि नजूल अभिलेख में अकीला बेगम एवं अन्य के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। अकीला बेगम की मृत्यु दिनांक 22.11.2016 को हो चुकी है उक्त भूमि को आवेदकगण एवं अनावेदकगण फैसल कुरैशी पिता स्व. फिरोज बख्श कुरैशी वगैरह के व्दारा फौती के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 02/05/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा ! आज दिनांक 9/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / /क/वा/तह./2024
सकरी दिनांक 03/04/2025

एदत द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका मिलन सेठ पिता/पति राधेश्याम निवासी सरकंडा बिलासपुर जिला व तह बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म. सकरी व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 423/8 रकबा 0.0280 हे. भूमि का अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/4/2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार,सकरी

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास झल्फा (बिल्हा) बिलासपुर में निर्मित अटल आवास भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास 51 मूल आबंटी श्रीमती संगीता साहू पति श्री हेमन्त कुमार साहू के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 05.12.2017 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को श्री मन्नू यादव पिता श्री अर्जुन यादव को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

**आम सूचना**

यह की मौजा तिफरा, प.ह.न. 40 भूमि खसरा न. 643 /1/त/2 में रकबा 0.0240 हे. डायवर्सन शीट क्र.-29, भूखण्ड क्र.- 537 क्षेत्रफल 2600 वर्ग फुट एवं खसरा न. 643/1/छ/1 में रकबा 0.0120 हे. डायवर्सन शीट क्र -29, भूखण्ड क्र.- 581 क्षेत्रफल 1300 वर्ग फुट स्थित है, जो की श्री शादाब हुसैन पिता खालिक हुसैन निवासी राजपरा संत रविदास नगर भदोही (उ.प्र), हाल मुकाम भारतीय नगर बिलासपुर (छ.ग) के नाम पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है जिस पर वह अपने रिश्तेदार के माध्यम से काबिज है। इस सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है की उक्त भूमि को मेरे पक्षकार ने खरीदने का पक्का सौदा कर लिए है और निकट भविष्य में अपने नाम पर विक्रय पंजीयन करवा लेंगे। उक्त भूमि यदि किसी भी शासकीय, गैर- शासकीय, अर्धशासकीय विभाग या निकाय, कंपनी, बैंक, आम जनता आदि के पास रहन, गहन, गिरवी, बय, बख्शीश अदि हो या उपरोक्त किसी का कोई दखल हो या इस सौदे पर आपत्ति हो तो वह इस सुचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के भीतर नीचे लिखे पते पर संपर्क कर सम्बंधित दस्तावेजों सहित लिखित आपत्ति पेश कर उसकी पावती हासिल कर लेवे। निर्धारित अवधि के अवसान होने के पश्चात की गयी आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरा पक्षकार किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

शुजाउद्दीन राजस- अधिवक्ता
पता- रोटरी मार्ग,
खपरगंज, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 09617092294

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक//क/वा/तह./2024
सकरी, दिनांक 09.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नाग कामेश्वर वड्लामानी पिता स्व. वाईलामानी कामा शास्त्री निवासी रिंग रोड नं. 02, बापजी पार्क, तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 481/1 में से 483/1 में से रकबा 1564 वर्गफुट भूमि का अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 29.04.2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल पं. दीनदयाल नगर देवरीखुर्द, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एम.आई.जी-67 आबंटी श्री आशीष कुमार दत्ता पिता श्री पी.के. दत्ता के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 24.04.2003 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 05.06.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री सौरभ मानिकपुरी पिता श्री राजकुमार मानिकपुरी के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा / आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोज कुमार राय, पिता श्री लक्ष्मी प्रसाद राय, निवासी- नर्मदा नगर, बिलासपुर, तहसील व जिला - बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर पटवारी हल्का नंबर 60, राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी, तहसील - तखतपुर, जिला- बिलासपुर, (छ.ग.) में खसरा क्रमांक 70/32, रकबा 60x40= 2400 वर्ग फुट म.प्र. शास. कर्मचारी सह. गृह निर्माण समिति मर्यादित उसलापुर, लेआउट प्लाट नंबर 165, भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्री पराग अग्रवाल पिता श्री द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, निवासी प्लॉट नंबर 229, अलका एवेन्यू, उसलापुर, तहसील तखतपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए अग्रिम राशि बयान बतौर प्रदान किए गए है यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो तथा यदि किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं उक्त अवधि समाप्त होने के बाद की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन करने हेतु स्वतंत्र होंगे अस्तु सूचना जाने।

अमित कुमार साहू,
अधिवक्ता उच्च न्यायालय छत्तीसगढ
मुन्नुलाल स्कूल के सामने, गोंडपारा,
जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
मो. नं. 8109719905, 9827178248

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## 14वीं अखिल रेलवे सुरक्षा बल बैंड प्रतियोगिता का समापन




**बिलासपुर।** 14वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बैंड प्रतियोगिता का सफल समापन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के संयोजन में हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का आयोजन एन.ई. इंस्टीट्यूट मैदान में किया गया। जिसमें देशभर की 15 इकाइयों के कुल 238 रेसुब बल सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन सशस्त्र बलों के अनुभवी अधिकारियों द्वारा किया गया। शुक्रवार को शाम समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि विजय कुमार साहू, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे थे। इस अवसर पर महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, उप-महानिरीक्षक-सह-मुख्य सुरक्षा आयुक्त, मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, बिलासपुर, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, स्थानीय पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं रायपुर तथा नागपुर रेलवे के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बैंड की टीमों ने अपनी धुनों पर प्रदर्शन करते हुए मार्च पास्ट कर उनकी प्रतिभा का अनुपम प्रदर्शन किया गया। पाइप बैंड एवं बैंड म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा अनुपम प्रस्तुति दी गयी। समारोह में सभी बैंड दलों ने शानदार मार्च पास्ट एवं धुनों की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी गेंड़ी नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतिया हुई। प्रथम स्थान पर दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद, दूसरे स्थान पर रेलवे सुरक्षा विशेष बल नई दिल्ली, तृतीय स्थान पर पूर्व रेलवे कोलकाता थे। इसी तरह बिगुल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेलवे सुरक्षा विशेष बल नई दिल्ली, द्वितीय स्थान उत्तर पूर्व रेलवे गोरखपुर, तृतीय स्थान पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर थे। पाइप बैंड प्रतियोगिता में रेलवे सुरक्षा विशेष बल नई दिल्ली ने जगह बनाई।

बातचीत

## साहित्य समाज को दिशा देने वाला माध्यम हो : शुभकांति



**बिलासपुर।** बंगाल के प्रतिष्ठित कवि एवं लेखक शुभकान्ति कर कविता और लेखन को एक सशक्त माध्यम मानते हैं। इसके जरिए वे सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर जनता को जागरूक करने का प्रयास करते हैं। साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला माध्यम होना चाहिए। बिलासपुर प्रेस क्लब में शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी कविताओं का मूल उद्देश्य समाज में व्याप्त राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक विसंगतियों को उजागर करना है। उनकी कविताएं बंगाली, हिंदी और अंग्रेजी तीनों भाषाओं में है। जिससे उनका साहित्य एक व्यापक पाठक वर्ग तक पहुंचता है। अब तक उनकी 10 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। उनकी किताबें साहित्य प्रेमियों के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक चिंतकों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वे कविता को केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं मानते, बल्कि इसे समाज के आईने के रूप में देखते हैं। उन्होंने विशेष रूप से अनुच्छेद 370 हटाने के निर्णय की सराहना की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कदम को देश को एक सूत्र में बांधने वाला बताया। 370 के हटने के बाद ही हम कह सकते हैं कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है।

आयोजन

## होम्योपैथिक चिकित्सा संघ ने मनाया विश्व होम्योपैथी दिवस



**बिलासपुर।** होम्योपैथिक चिकित्सक संघ ने होम्योपैथी के जनक डॉ. हेनिमेन के 270 वें जन्मदिवस को वर्ष भर सेवा कार्यक्रम के रूप मनाने का निर्णय लिया है। संघ के संरक्षक डॉ. अजित मिश्रा, अध्यक्षा डॉ. जे. नूतन गुप्ता वरिष्ठ महिला चिकित्सक, डॉ. पूर्णिमा मंडल के द्वारा डॉ. हैनिमैन व सरस्वती माँ के चित्र पर पुष्पांजलि दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संरक्षक ने उपस्थित चिकित्सकों को सही दिशा में होम्योपैथी के साथ चलने व प्रैक्टिस में आने वाली बाधा से निकलकर निरंतर सेवाकार्य करने की बात कही। कोषाध्यक्ष डॉ. संजय यादव ने वर्तमान कार्यकाल में हुए कार्यों व आय-व्यय सम्बंधित वित्तीय स्थिति से अवगत कराया। साथ ही संघ के नवीन पदाधिकारियों का डॉ. अंशुमन जैन के मार्गदर्शन में मनोनीत किया गया। जिसमे आगामी वर्षों के लिए संघ के नवीन अध्यक्ष डॉ.कमलेश केशकर, उपाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार दीक्षित, कोषाध्यक्ष डॉ. निशा ब्रोकर, सचिव डॉ. ओमप्रकाश उहरिया, सहसचिव डॉ. ऋषि कश्यप, डॉ. प्रह्लाद साहू, विधि प्रभारी डॉ. अदिति पाठक, मीडिया प्रभारी डॉ. झरना सिन्हा सहित अन्य को मनोनीत किया गया। वर्तमान अध्यक्ष डॉ. जे. नूतन गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी नवमनोनित चिकित्सकों को उनके कार्यकाल की सफलता की बधाई दी।

# हनुमान जन्मोत्सव आज







### कई स्थानों में होगा हनुमान चालीसा का पाठ, भगवा झंडा, तोरण से सजा शहर, मंदिर में दिन भर बंटेंगें प्रसाद

शहर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। सरकंडा स्थित रामसेतु चौक सहित अन्य हनुमान मंदिरों को भगवा झंडा व कपड़े से सजाया गया है। महिला संगठनों द्वारा भजन कीर्तन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

**बिलासपुर।** भगवान हनुमान का जन्मोत्सव चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा शनिवार 12 अप्रैल को श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार संकट मोचन हनुमान आज भी धरती पर विद्यमान हैं और भक्तों के कष्टों को हरने वाले देवता माने जाते हैं। इस दिन श्रीराम और हनुमानजी का सच्चे मन से स्मरण करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। हिंदू धर्म में हनुमानजी की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। बजरंगबली को अष्ट सिद्धियां और नौ निधि का वरदान प्राप्त है। इसके प्रभाव से वह सभी भक्तों की विपत्तियों को समाप्त करते हुए जीवन में खुशियां भरते हैं। इस बार चैत्र पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल को प्रातः 3 बजकर 20 मिनट पर शुरू हो रही है। इस तिथि का समापन 13 अप्रैल को सुबह 5 बजकर 52 मिनट पर है। ऐसे में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का महापर्व मनाया जाएगा।

### श्री हनुमान मंदिर परिसर में आज होंगे विविध कार्यक्रम

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर तिलक नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में 12 अप्रैल से विविध कार्यक्रम होंगे। समिति के सचिव ने बताया कि 12 अप्रैल को सुबह 5.30 बजे दुग्धाभिषेक, शाम 7.30 बजे श्रृंगार आरती, सुबह 10 बजे से भंडारा प्रसाद वितरण होगा। शाम 4 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ व शाम 7.30 बजे से महाआरती होगी। 56 भोग लगाने के बाद प्रसाद वितरण व भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। 13 अप्रैल रविवार की शाम 7.30 बजे आरती एवं भंडारा प्रसाद वितरण एवं भजन संध्या होगी। इसी तरह 14 अप्रैल सोमवार को शाम 7.30 बजे आरती पश्चात 8 बजे भंडारा, हनुमान सहस्त्रनाम से सामूहिक हवन एवं 15 अप्रैल मंगलवार को शाम 7.30 बजे आरती पश्चात 8 बजे भंडारा प्रसाद वितरण के बाद भजन संध्या होगी।

### जूना बिलासपुर में हनुमान चालीसा पाठ और आरती आज

हनुमान जयंती पर 12 अप्रैल को शाम 6 बजे से हनुमान मंदिर बनियापारा जूना बिलासपुर में हनुमान चालीसा पाठ और हनुमान की आरती की जाएगी। जिसमें हनुमान चालीसा एव भजन प्रस्तुत किया जाएगा। रमेश गुप्ता ने सभी हनुमान भक्तों से इस भजन संध्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### मंदिरों में होगी विशेष पूजा

शहर के बस स्टेण्ड, मध्य नगरीय चौक, वृहस्पती बाजार, तिलक नगर, सिटी कोतवाली स्थित हनुमान मंदिरों सहित अन्य सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव पर अंजनी पुत्र की विशेष पूजा कर आरती की जाएगी। कई स्थानों पर भण्डारा भी चलेगा।

### निकाली जाएगी पालकी यात्रा

सार्वजनिक हनुमान व्यायाम शाला मंदिर परिसर तिलक नगर में शनिवार को सुबह साढ़े 5 बजे हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। साढ़े 6 बजे हनुमानजी की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। शाम साढ़े 5 बजे बाल भक्तों द्वारा 11 बार हनुमान चालीसा व साढ़े 6 बजे मातृ शक्तियों द्वारा सुंदर काण्ड का महापाठ किया जाएगा।

### गाए जाएंगे भजन

हनुमान मंदिर बनियापारा जूना बिलासपुर में शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ कर आरती की जाएगी। शाम को आयोजित भजन संध्या में भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। यह जानकारी रमेश गुप्ता ने दी।

### दुग्धाभिषेक कर लगाए जाएंगे छप्पन भोग

श्री हनुमान मंदिर सेवा समिति तिलकनगर द्वारा आयोजित हनुमान जन्मोत्सव में सुबह साढ़े 5 बजे दुग्धाभिषेक, साढ़े सात बजे श्रृंगार आरती, 10 से 2 बजे तक भण्डारा व प्रसाद वितरण, दोपहर 4 बजे से सामूहिक संगीतमयी सुंदरकाण्ड का पाठ, शाम साढ़े सात बजे महाआरती कर छप्पन भोग लगाए जाएंगे। प्रसाद वितरण के बाद भजन संध्या होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने समिति के अध्यक्ष निलेश गोप, उपाध्यक्ष अमित दुबे, प्रशांत द्विवेदी, सचिव प्रकाश सिंह ठाकुर, सहसचिव साक्षी गोपाल यादव, कोषाध्यक्ष निर्मल किशोर मानिकपुरी, सह कोषाध्यक्ष अतुल सिंह, अभिषेक दुबे सहित अन्य सभी हनुमान भक्त लगे हैं।

### राम सेतु में होगा सुंदर कांड का पाठ

श्री हनुमान सेवा समिति सरकंडा द्वारा हनुमान जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 51 सौ लोगों का भण्डारा व जगराता आयोजित किया जा रहा है। इसमें पहले दिन शनिवार 12 अप्रैल को दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रामसेतु चौक में शाम 6 बजे 101 बहनों द्वारा सामूहिक सुंदर कांड का पाठ, साढ़े 7 बजे हनुमान चालीसा का पाठ कर पौने 8 बजे हनुमानजी की आरती की जाएगी। रात्रि 8 बजे बैठक व्यवस्था के साथ भण्डारा किया जाएगा। शुक्रवार 13 अप्रैल को रात्रि 8 बजे हनुमान चालीसा का पाठ, साढ़े 8 बजे हनुमानजी की महाआरती, 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साढ़े 9 बजे गायिका शहनाज अख्तर द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### किया जाएगा प्रसाद वितरण

एसईसीएल ऑफिस के सामने हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार 12 अप्रैल को मदन मोहन गुल्ला, चंदन भट्टाचार्य, निर्मल कुमार गुप्ता द्वारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 से लेकर दोपहर 2 बजे तक तक चलेगा। वहीं श्री हनुमान सेवा समिति यूथ क्लब की ओर से अग्रसेन चौक में महाप्रसाद एवं शिमला टेंट हाऊस दयालबंद में भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

बाबा का भव्य दरबार सजा





## श्याम भजनों में देर रात तक झूमते रहे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खाटू श्याम भजन संध्या उपकार का आयोजन शुभम विहार मेन रोड में श्याम प्रेमियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस आयोजन में बतौर अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह विशेष रूप उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के आयोजक एवं संकट मोचन इंफ्रास्टेट के डायरेक्टर अमित अग्रवाल ने बताया कि उपकार भजन संध्या का मुख्य आकर्षण बाबा का भव्य एवं दिव्य दरबार रहा जिसे कलकत्ता के कारीगरों ने तैयार किया था। दरबार की सज्जा और उसमे विराजमान बाबा को देखने हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी पूरे छत्तीसगढ़ के आलावा अन्य प्रांतों से भी उपस्थित हुए। इस भव्य आयोजन की शुरुवात बाबा की पूजा अर्चना से किया गया तत्पश्चात भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुति से शमा बांध दिया, इस बीच बारिश ने श्याम प्रेमियों के उत्साह को और दुगना कर दिया। सभी ने बाबा से बारिश रुकने अर्जी भी लगाई। जिसे बाबा ने स्वीकार किया और बारिश जो रुकी फिर दोबारा वापस नहीं आई। प्रसिद्ध भजन गायिका कृष्णनेहा ने गणपति स्तुति के बार अपने सुमधुर गीतों को प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इसके बाद देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका वर्षा गर्ग ने अपने भजनों से श्याम प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया तो वही सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी के भजनों में श्याम प्रेमी झूमते रहें।

### प्रसाद का किया गया वितरण

भजन गायक शुभम रूपम के भजनों ने तो मानो सबकी नींद ही छीन ली, उनके भजनों में देर रात तक श्याम प्रेमी झूमते रहे। कार्यक्रम में श्याम प्रेमियों के ऊपर चारो ओर इत्र की बौछार भी होती रही, सभी श्याम प्रेमियों के लिए श्याम रसोई में भोजन प्रसाद की उत्तम व्यवस्था, चरण पादुका रखने हेतु व्यवस्था, एवं बाबा का प्रसाद इन सबकी पूरी व्यवस्था की गई थी। इसमें बिलासपुर के अलावा खरसिया, सक्ति, चांपा, नैला, बाराद्वार, अकलतरा, गौरेला पेंड्रा, कोटा, कटघोरा, छुरी, कोरबा, पसान, रायगढ़, चंद्रपुर, रायपुर के साथ अन्य प्रांत से भी सैकड़ों की संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

## मां मुथ्यलम्मा की प्रतिमा स्थापित कर की गई पूजा



**बिलासपुर।** श्रीश्री सोलापुरी माता उत्सव समिति द्वारा विद्युत सब स्टेशन 2 के निकट पोर्टर खोली में आयोजित मां मुथ्यलम्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। मुथ्यलम्मा एक हिंदू देवी है, जो दुर्गा, काली माता का एक रूप है। हैदराबाद में उनके सैकड़ों मंदिर है। तेलंगाना में महाकाली उत्सव के दौरान आषाढ़ महीने में विशेष पूजा की जाती है।

माता की वास्तविक प्रतिमा की प्रतिकृति पुजारी टी. भास्कर राव ने बिलासपुर में निर्मित की। जिसकी महिलाओं, पुरुषों एवं अतिथियों ने भी देवी की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं बच्चों और महिलाओं को निःशुल्क कूपन वितरित किया जा रहा है। लकी ड्रा निकाल कर महिला श्रेणी की विजेताओं को साड़ी व चांदी से निर्मित उत्कर्ष देवी की प्रतिमा एवं बच्चों की श्रेणी के विजेताओं को स्टेशनरी सामग्री उपहार में दी जा रही है। बच्चों में प्रथम पुरस्कार देविका यादव नजरलालपारा, द्वितीय उत्कर्ष न्यू लोको कॉलोनी, तृतीय वंशिका भिलाई एवं महिलाओं में प्रथम पुरस्कार यू. मौलिका आरपीएफ़ कॉलोनी, दूसरा सोनी कुमारी न्यू लोको कॉलोनी, तीसरा संतोषी, चतुर्थ पुरस्कार जे सुनीता राव, पंचम पुरस्कार बी दीपा अन्नपूर्णा कॉलोनी, षष्ठम पुरस्कार सुधा भिलाई को मिला। इन सभी महिलाओं को उपहार श्री बिल्डर के कमलेश कश्यप ने प्रदान किया।

पूजा महोत्सव को सफल बनाने में समिति के सदस्य अध्यक्ष पी. देवराजू, महासचिव एम.श्रीनू राव, कार्यकरणी अध्यक्ष डी. राजा राव, सचिव के. वेंकट राव, कोषाध्यक्ष पी. शेखर राव, एम.प्रफुल, एन. संतोष कुमार, सदस्य बी. रमेश कुमार, अकलेश कुमार, जी.के. राव, के. माधव राव, जगदीश, बबलू सोनानी, ईश्वर राव, धीरज कुमार सहित अन्य सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।

## साहित्य के केंद्र में संवेदना जरूरी, साहित्य सदैव समाज सापेक्ष होता है

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



प्रलेस की 90 वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठी




साहित्य के केंद्र में सदा ही संवेदना जरुरी होती है, साहित्य सौंदर्यशास्त्र का विषय है। साहित्य सदैव समाज सापेक्ष होता है। महान कथाकार प्रेमचंद ने साहित्य में नायकत्व की अवधारणा को बदल दिया और सामाजिकता को केंद्र में ले आए। यही प्रगतिशील लेखन है। यह बातें प्रसिद्ध चिंतक राजेश्वर सक्सेना ने संगोष्ठी के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में कही। प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना के 90 वें वर्ष पर छत्तीसगढ़ प्रलेस बिलासपुर इकाई द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रगतिशील साहित्य, सफर, उपलब्धियां और चुनौतियां विषय पर चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता ने संगोष्ठी के दौरान प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना के समय की राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितयों का उल्लेख करते हुए विस्तार से बताते हुए कहा कि महान साहित्यकार प्रेमचंद ने साहित्य में भावना और कल्पना के साथ वैचारिक संवेदना को स्थान दिया। उन्होंने साहित्य में नायकत्व की अवधारणा को बदल दिया। तिलस्मी और जासूसी विषय वस्तु के स्थान पर सामाजिकता को केंद्र में ले आए। प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी ईदगाह का उदाहरण देते हुए डॉ. सक्सेना ने कहा कि भौतिक विचारों को संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त करना प्रगतिशील साहित्य की अन्यतम विशेषता रही है। समकालीन वैश्विक परिदृश्य का विस्तार से विश्लेषण करते हुए बताया कि आज यूरोप के हालात अच्छे नहीं है। एक तरह से सामाजिक संकट से यूरोप जूझ रहा है। साहित्य सदैव समाज सापेक्ष होता है।

अंत में प्रश्नोत्तर सत्र हुआ जिसमें हबीब खान, लखन सिंह, मधुकर गोरख आदि ने महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए, जिनके सुसंगत उत्तर मुख्य वक्ता डॉ. सक्सेना ने दिए। इस अवसर पर डॉ. सत्यभामा अवस्थी, जितेन्द्र पांडे, धर्मेंद्र निर्मलकर, लखन सिंह आदि उपस्थित थे।

### जीवन के यथार्थ को रचे जाने की आवश्यकता

सामाजिक संबंधों का अवमूल्यन हो रहा है, विचार जो हमें संवेदनशील बनाता है उसका निषेध हो रहा है। जीवन का विसंगतिकरण और हास्यास्पदीकरण हो रहा है। इतिहास की भूमिका को सीमित किया जा रहा है। जीवन की गति को सौंदर्य शास्त्र के केंद्र में रखकर ही साहित्य की रचना हो सकती है। उन्होंने कहा कि आज की परिस्थितियों में पूरी वस्तुनिष्ठता और प्रतिबद्धता के साथ जीवन के यथार्थ को रचे जाने की आवश्यकता है। रफ़ीक खान ने गोष्ठी की विषय वस्तु की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रेमचंद के ऐतिहासिक भाषण के प्रमुख बिंदुओं का उल्लेख किया। नथमल शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आज की परिस्थितियों में लेखन और साहित्य की चुनौतियों का जिक्र किया।

# पेंशनरों की मुफ्त दवा योजना खुद 'बीमार', योजना का लाभ लेने से बचने लगे पेंशनर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी अस्पताल स्थित दवा वितरण केंद्रों में मुफ्त दवा योजना के माध्यम से पेंशनरों को मिलने वाली सुविधा खुद बीमार है, और सबसे पहले इस योजना को ही बेहतर ईलाज की जरुरत है। योजना का लाभ लेने सिम्स स्थित मुफ्त दवा वितरण केंद्र आने वाले पेंशनरों की हालत ऐसी है गिनती की संख्या होने के बाद भी ज्यादातर बार इन्हें दवा की अनुपलब्धता बताकर चलता कर दिया जाता है।

■ दवा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति




## नहीं चाहिए दवा, पेंशन में भत्ता जोड़ दे सरकार

अलग खबर

पेंशनरों का कहना है कि इस योजना की यहां जो दुर्दशा है इसे ध्यान में रखते हुए सरकार इसे तत्काल प्रभाव से बंद कर दे। इसके स्थान पर रिटायर्ड कर्मचारियों को मिलने वाली पेंशन की राशि में दवा भत्ता जोड़कर दे दे। यह मांग पेंशनरों ने दस साल पहले ही मुख्यमंत्री के सामने रख दी थी। आश्वासन तो मिला था, लेकिन मांग आज तक पूरी नहीं हो सकी। पेंशनरों का कहना है कि दवा भत्ता मिलने से कम से कम घंटों भीड़ में लाईन लगाकर मुफ्त दवा के लिए इंतजार करने से छुटकारा मिल जाएगा। इतना ही नहीं पेंशनर अपनी पसंद के डाक्टर से जाकर न केवल ईलाज करवा सकेंगे, बल्कि ब्रांडेड दवा की खरीदी बाहर से ही कर सकेंगे।

## ऐसे होता है पंजीयन

पेंशनर को इस योजना के अंतर्गत यदि पंजीयन करवाना हो तो उसे अपनी पेंशन का पेपर लेकर सिम्स के मुफ्त दवा वितरण केंद्र में जाना होगा। यहां पेंशन का पेपर दिखाने के बाद उसका पंजीयन हो जाएगा। इसके बाद ओपीडी में उपस्थित डाक्टर से अपना चेकअप करवाकर दवा लिखवानी होगी। दवा की पर्ची लेकर वापस दवा वितरण केंद्र में जाना होगा व अपनी दवा प्राप्त करनी होगी।

## 25 हजार पेंशनर, लाभ लेने वाले दस प्रतिशत भी नहीं

जिले में राज्य शासन के विभागों से सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की संख्या की संख्या लगभग 25 हजार है, लेकिन इस योजना का लाभ लेने वाले पेंशनरों की संख्या 25 सौ भी नहीं है। इसके पीछे दो कारण महत्वपूर्ण हैं, पहला तो यह कि इस योजना को अपेक्षित ढंग से प्रचारित नहीं किया गया है। वहीं दूसरा प्रमुख कारण इस योजना के बेहतर ढंग से संचालित नहीं कर पाने के कारण लोगों की इसमें अरुचि भी एक प्रमुख कारण है।

## अलग विंडो की व्यवस्था करेंगे

सीनियर सिटीजन हमारी सबसे पहली प्राथमिकता में हैं, इनके लिए अलग विंडो की व्यवस्था तत्काल करवा देते हैं, ताकि उन्हें दवा प्राप्त करने में कोई दिक्क़त न हो।

-डॉ. रमणेश मूर्ति, डीन सिम्स

## क्या कहते हैं पेंशनर

### मैंने जाना ही बंद कर दिया



अस्सी वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक राजाराम पाण्डेय कहते हैं कि यहां घंटों लाईन में लगाकर सिर्फ जेनरिक दवा ही दी जाती है। ब्रांडेड दवा यहां से नहीं मिलती। ऐसा नहीं है कि जेनरिक दवा से कोई परहेज है, लेकिन ज्यादातर बार लंबी लाईन में लगने के बाद अपनी बारी आने पर दवा नहीं है, फिर कभी आईए सुनना अच्छा नहीं लगता। इसलिए अब वहां जाना ही बंद कर दिया है।

### सीनियर सिटीजन की अलग लाइन हो



आदिवासी विकास विभाग से रिटायर्ड पेंशनर एसके श्रीवास्तव बताते हैं कि सिम्स के दवा वितरण केंद्र में दवा लेने वालों की एक ही लाइन लगती है। इस लाईन में पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर दवा दी जाती है। ऐसी हालत में पहले से लगी लंबी कतार में ही पेंशनरों को भी खड़ा होना पड़ता है। काफी मशक्कत के बाद नंबर आता है।

### 90 प्रतिशत को योजना का पता ही नहीं



सेल्स टेक्स विभाग से रिटायर्ड पेंशनर एसके गोयल का कहना है यह योजना चलाई तो पेंशनरों के लिए जा रही है, लेकिन इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने में न तो स्वास्थ्य विभाग को कोई दिलचस्पी है और न ही समाज कल्याण विभाग को। यही कारण है कि इस योजना के लाभांवितों की संख्या गिनती में है।

### डाक्टर कब उठ जाएं नहीं पता



वन विभाग से रिटायर्ड व पेंशनर कल्याण संघ के अध्यक्ष अशोक ठाकरे ने बताया कि बुजुर्ग पेंशनर के ओपीडी में लंबी लाईन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करने के बाद नंबर आते आते दोपहर दो बजते ही ड्यूटी पर उपस्थित डाक्टर शिफ्ट चेंज होने की बात कहकर उठकर चले जाते हैं। इनके बाद कोई डाक्टर आएंगे या नहीं ये जानकारी भी नहीं दी जाती।

### इस उम्र में भटकाव सही नहीं



आदिवासी विकास विभाग के पेंशनर एमआर घाडगे का कहना है कि सरकार ने मुफ्त दवा योजना सीनियर सिटीजन के लिए किसी विशेष आशय के अंतर्गत लागू की है। इस व्यवस्था का महत्व तभी है, जब पेंशनरों का काम एक बार में ही आसानी से हो जाए। यदि उन्हें हर जगह लंबी लाईनों में खड़ा किया गया और एक खिड़की से दूसरी खिड़की में चक्कर लगवाया गया तो यह स्थिति ठीक नहीं है। इस उम्र में भटकाव सही नहीं है।

### निजी चिकित्सालयों में मिले लाभ



रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर एसएन बाजपेयी का कहना है सिम्स में उपलब्ध डाक्टर व मिलने वाली दवा का दायरा सीमित है। पेंशनर की तकलीफ के हिसाब से ईलाज व दवा नहीं मिलने से वे निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हैं। इस परेशानी से बचने के लिए सरकार को निजी चिकित्सालयों में भी इस सुविधा को लागू किया जाना चाहिए। भले ही सरकार इसमें भी प्रत्येक पेंशनर के लिए उतनी ही राशि का प्रावधान रखे, जितनी अभी है।

## खबर संक्षेप

### निगम ने तोड़ा होटल शिवनेरी का प्रवेश द्वार




**बिलासपुर।** निगम ने एक बार कब्जे और अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को अभियान चलाया। खास तौर पर सीएमडी कालेज के सामने होटल शिवनेरी के मालिक द्वारा बिना अनुमति सड़क पर स्वागत द्वार बना दिया गया था। इसे तोड़ा गया। इस दौरान होटल मालिक ने हल्का विवाद किया। बाद में गेट को खुद से ही हटा लेने की भी बात कही लेकिन निगम की टीम ने तोड़ दिया। इसके साथ ही निगम की टीम ने एक बार फिर नेहरू नगर, कारगिल चौक, स्मार्ट सिटी रोड से कब्जे हटाए। मंगला चौक से होत हुए गौरव पथ, महाराणा प्रताप चौक, सीएमडी चौक पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। नगर निगम और पुलिस की टीम ने सत्यम टाकीज चौक से अग्रसेन चौक, टेलिफोन एक्सचेंज रोड होते हुए टैगोर चौक तक सड़क के दोनों ओर दुकान के बाहर रखे सामानों को हटाया। दिन भर चले निगम के अभियान के दौरान दुकानों का सामान, बोर्ड, कुर्सी टेबल, नुमाइशी पुतले, ठेले आदि जब्त किए गए। अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा के मुताबिक दुकानदारों में दुकान का सामान बाहर रख कर माल बेचने की होड़ लगी रहती है। इसका असर ट्रैफिक पर पड़ता है। वाहनों को आवागमन के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती तब बार-बार जाम की नौबत आती है।

### अवैध खनन करते 4 हाइवा सहित ट्रेक्टर जब्त



**बिलासपुर।** नदी से अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 4 हाइवा सहित एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर अवैध खनिज उत्खनन एवं अवैध ईंट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एसडीएम मस्तूरी के मार्गदर्शन में शिवनाथ नदी पर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 4 हाइवा एवं 1 ट्रैक्टर जब्त किया गया। इनमें से 2 हाइवा एवं ट्रैक्टर को पचपेड़ी थाना के सुपुर्द किया गया। वहीं दो हाइवा चालक वाहन छोड़कर भाग निकले। जिसे कोटवार की अभिरक्षा में सौंपा गया है। एसमडीएम मस्तूरी ने बताया कि जोन्धा ग्राम से होकर अवैध परिवहन किया जाता है। नदी तक पहुंचने के रास्ते को अवरोध उत्पन्न कर बंद कराया गया। तखतपुर तहसील के ग्राम पकरिया में अवैध ईंट निर्माण एवं विक्रय के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मौके पर लगभग 30 हजार ईंट बरामद किया गया। इसे सरपंच एवं कोटवार के सुपुर्द किया गया। न्यायालय में भी मामला दर्ज किया गया। मस्तूरी में कार्रवाई नायब तहसीलदार अप्रतिम पाण्डेय एवं तखतपुर में कार्रवाई तहसीलदार पंकज सिंह के नेतृत्व में की गई।

### पेट्रोल पंप के मैनेजर और कर्मियों ने युवक को पीटा

**बिलासपुर।** वाहन में पेट्रोल डलवाने गए युवक को पेट्रोल पंप के मैनेजर और कर्मचारियों ने पीट दिया, युवक ने तारबहार थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। वहीं मामले में थाने में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार करबला कुदरूबांडी निवासी ओम कुमार डीपी कालेज में बीए फाइनल ईयर में पढ़ाई करता है। गुरूवार की रात 11.30 बजे बाइक में पेट्रोल भराने अम्बा पेट्रोल पंप गया था, साथ उसका दोस्त सोनू सिंह भी था। इस दौरान सोनू सिंह के कुछ दोस्त पेट्रोल पंप में पहले से ही खड़े थे । सोनू के दोस्त बाटल में पेट्रोल लेने आये थे। पेट्रोल पंप कर्मचारी ने बाटल में पेट्रोल देने से मना कर दिया। वही बाइक में पेट्रोल डलवाते समय सोनू व पेट्रोल पंप के कर्मचारियों बीच बहस होने लगी और सोनू ने नोजल को उठा दिया, जिससे पेट्रोल गिर गया। पेट्रोल पंप कर्मचारी ने रूपए की मांग की तो बहस और बढ़ गया। यह देखकर मैनेजर व अन्य कर्मचारी भी आ गए और दोनों पक्षों में मारपीट हुई। घटना की शिकायत दोनों पक्षों ने तारबहार थाने में दर्ज कराई है, पुलिस मामले में जांच कर रही है।

दुकानदारों ने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई थी लेकिन फैसला निगम के पक्ष में आया

# हाईटेक बस स्टैंड की 20 दुकानों में निगम लगाएगा ताला, नए सिरे से होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर ने हाईटेक बस स्टैंड में 20 दुकानदारों को जगह खाली करने या फिर 3 साल से बकाया किराया जमा करने के लिए अंतिम नोटिस दिया है। इन दुकानदारों से निगम को करीब 95 लाख रुपए की वसूली करनी है। यह दुकानदार जिसमें बस संचालक भी हैं ना तो किराया दे रहे हैं और ना ही जगह खाली कर रहे हैं। अब निगम इन दुकानों को खाली कराते हुए नए सिरे से नीलामी की बात कह रहा है। इससे निगम को करीब 2 करोड़ रुपए की आय हो सकती है। दूसरी ओर निगम की इस नोटिस से दुकानदारों में हड़कंप है। दुकानदारों ने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई थी लेकिन फैसला निगम के पक्ष में आया है। निगम जल्दी ही दुकानों में सीलबंदी कार्रवाई की तैयारी में है।

ज्ञात हो कि सितंबर 2022 में सीएसआईडीसी ने बस स्टैंड का आधिपत्य नगर निगम को सौंप दिया था। इसके बाद से बस स्टैंड सहित वहां की दुकानें निगम की मिल्कियत हो चुकी हैं, परंतु निगम उसका समुचित उपयोग नहीं कर पा रहा है। अधिकांश दुकानों का किराया भी सीएसआईडीसी के कार्यकाल से लंबित है। निगम का दावा है कि नोटिस के बाद कुछ वसूली प्राप्त हुई है, परंतु अभी भी लाखों का बकाया शेष है।



हाईटेक बस स्टैण्ड।

## दुकानदारों पर 4 से 5 लाख का किराया बाकी

निगम के मुताबिक करीब 20 दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है। हरेक दुकानदार पर 4 से 5 लाख का किराया बाकी है। दरअसल बस स्टैंड में बुकिंग, बैंक, कार्यालय आदि के लिए कुछ कमरे खाली रखे गए थे, जिसमें बस संचालकों ने कब्जा कर रखा है। इसका किराया भी बस संचालक नहीं पटा रहे हैं। वहीं बस स्टैंड में बसें पार्क करने की एवज में बस संचालक शुल्क भी नहीं पटा रहे हैं। निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार के मुताबिक बस स्टैंड में 52 दुकानें हैं। इनमें से 32 का आबंटन किया जा चुका है। शेष के विक्रय का प्रस्ताव संपदा विभाग को भेजा गया है। दुकानों की नीलामी शीघ्र की जाएगी। बस आपरेटरों से शुल्क तथा दुकानदारों से बकाया किराया की वसूली के लिए नोटिस दिया गया है। बस संघ के पूर्व अध्यक्ष भंजन सिंह ने कहा है कि निगम का सहयोग किया जा रहा है।

## मेंटेनेंस पर ही 4 लाख तक का खर्चा

निगम का कहना है कि प्रति माह चार से पांच लाख का खर्च बस स्टैंड के बिजली, साफ-सफाई, गांर्ड एवं मेंटनेंस के मद में खर्च हो रहा है। इसलिए दुकानदारों पर किराया भी वर्तमान के हिसाब से लगाया जाएगा। निगम के मुताबिक बस स्टैंड की दुकानों से फिलहाल निगम को कुल 1.76 लाख रुपए, होटल से किराया 30 हजार रुपए, 18 आफिसों के किराए से 60 हजार रुपए प्रति माह आय होती है। इसमें हाइटेक बस स्टैंड के मेंटनेंस व्यय में हर माह 3 लाख रुपए खर्च होते हैं। बिजली बिल पर 1 लाख 25 हजार रुपए, सफाई पर 60 हजार, सिक्यूरिटी गार्ड की सैलरी पर 32 हजार व अन्य खर्चे होते हैं।

## सुधार किया जा रहा है

हाईटेक बस स्टैंड में 20 दुकानदारों को जगह खाली करने या फिर 3 साल से बकाया किराया जमा करने के लिए अंतिम नोटिस दिया गया है। इसके बाद दुकानों में सीलबंदी करते हुए नए सिरे से नीलामी की जाएगी। एक करोड़ 56 लाख रुपए में तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड को सुधार रहा है। इसमें उन्नत विद्युतीकरण, पानी के लिए पाइपलाइन, बिल्डिंग मरम्मत समेत रंग-रोंगन किया जा रहा है।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, ननि

# सामान्य सभा का प्रश्नकाल इस बार फिर सीवरेज और अवैध प्लाटिंग पर गरमाएगा




**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा का प्रश्नकाल इस बार फिर सीवरेज योजना और अवैध प्लाटिंग पर गरमाएगा। इसके साथ ही टैक्स बढ़ोत्तरी, पीएम आवास नहीं मिलने से लेकर शहर में संचालित अवैध दुकानें, कचरा कलेक्शन, तालाबों का सौंदर्यीकरण, अरपा में बन रहे बैराज का काम, शहर में लग रहे जाम पर भी जमकर बहस हो सकती है। दरअसल 15 अप्रैल को होने वाली सामान्य सभा के लिए 11 अप्रैल शुक्रवार की दोपहर 12 बजे दृष्टि सभा कक्ष, विकास भवन में लाटरी निकाली गई। यह प्रश्नकाल एक घंटे का होगा। इसमें सबसे पहले भरत कश्प वार्ड क्रमांक 19, उसके बाद श्रीमती संतोषी रामा बघेल वार्ड क्रमांक 25, आशीष गुप्ता वार्ड क्रमांक 35 द्वारा प्रश्न पूछा जाएगा। इसके बाद भी समय बच गया तो दूसरे पार्षदों को मौका मिलेगा।

ध्यान रहे कि नई शहर सरकार की पहली सामान्य सभा 15 अप्रैल मंगलवार की सुबह साढ़े 11 बजे से पं देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह (लाल बहादुर शास्त्री स्कूल) में होगी। इसके साथ ही एक घंटे का प्रश्नकाल भी होगा। इसमें नियमानुसार सभी पार्षदों से 2 प्रश्न 10 अप्रैल तक मंगाए गए थे। तय समय तक कुल 30 पार्षदों ने 60 प्रश्न पूछे हैं। इसमें भाजपा के 17 और कांग्रेस के 13 पार्षदों ने सवाल किया है। साफ है सदन में भाजपा के पार्षद ही सत्ता पक्ष को घेरेंगे। अधिकांश सवालों में पानी की समस्या, सड़क - नाली के साथ ही अवैध प्लाटिंग का मुद्दा है। इसके साथ ही अरपापार में जल समस्या और सफाई पर सवाल दागे जाएंगे।

## सभा में 9 एजेंडों पर चर्चा होगी

ज्ञात हो कि नगर निगम के चुनाव में इस बार 70 वार्डों में 49 भाजपा के, 18 पार्षद कांग्रेस के जीतकर आए हैं। 3 निर्दलीय भी जीते हैं। सामान्य सभा के दिन शुरू का एक घंटा प्रश्नकाल के लिए रिजर्व होगा। जिसमें एमआईसी मेंबर पार्षदों के सवालों का जवाब देंगे। इसके बाद सदन की कार्रवाई शुरू होगी। सामान्य सभा में 9 एजेंडों पर चर्चा होगी, जिसके बाद बहुमत से सभी प्रस्ताव पास किए जाएंगे। इसके बाद बजट पास किया जाएगा।

# नेता प्रतिपक्ष तय नहीं कर पाई कांग्रेस

**बिलासपुर।** आपसी विवाद और खींचतान के चलते कांग्रेस नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष का नाम भी तय नहीं कर पाई है। चुनाव के बाद पहली सामान्य सभा 15 अप्रैल को होने वाली है। वहीं कांग्रेस सामान्य सभा में पार्षदों के शामिल होने की बात कह रही है।

नगर पालिक निगम में 70 वार्ड हैं, जिसमें भाजपा के 49 और कांग्रेस के 18 पार्षद हैं। इनके अलावा 3 पार्षद निर्दलीय हैं। निगम में भाजपा के वरिष्ठ पार्षद विनोद सोनी को सभापति बनाया गया है, लेकिन कांग्रेस अभी तक निगम में पार्षद दल का नेता तय नहीं कर पाई है। इधर नगर निगम में प्रथम सामान्य सभा की घोषणा हो गई है और पार्षदों द्वारा प्रश्न भी लगाए जा रहे हैं। 15 अप्रैल को पहली सामान्य सभा होगी, जिसमें नगर निगम का वर्ष 2025-26 का वार्षिक आय-व्यय बजट पेश होगा, लेकिन इस सामान्य सभा में विपक्ष कांग्रेस पार्षद दल का नेतृत्व करने वाला नेता प्रतिपक्ष नहीं होगा। पिछले माह कांग्रेस पार्टी की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे नेता प्रतिपक्ष के लिए रायशुमारी करने यहां बिलासपुर आए थे। पर्यवेक्षक के समक्ष कांग्रेस पार्षदों में नेता प्रतिपक्ष बनने होड़ लग गई थी।

## मामला पीसीसी के पास

कांग्रेस पार्षद दल की ओर से नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त होना है। नेता प्रतिपक्ष का मामला प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास है और वहां से नियुक्ति होनी है, इसलिए अभी होने वाले सामान्य सभा में कांग्रेस पार्षद दल सामूहिक नेतृत्व में शामिल होंगे।

-विजय केशरवानी
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

## पर्यवेक्षक ने की है रायशुमारी

नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों में से नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पार्टी की ओर से पर्यवेक्षक आए थे और रायशुमारी कर गए थे। अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नेता प्रतिपक्ष नियुक्त होना है, तब तक वैकल्पिक रूप से किसी पार्षद को नेता प्रतिपक्ष भी बनाया जा सकता है।

-विजय पांडेय
शहर अध्यक्ष, कांग्रेस

# दुष्कर्म के आरोपी ने निगल लिया बोतल का ढक्कन, गंभीर हालत में सिम्स दाखिल

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी में दुष्कर्म के आरोपी ने बोतल का ढक्कन निगल लिया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में पहले जिला अस्पलताल लगाया गया, जहां उसकी हालत को देखते हुए सिम्स रिफर कर दिया गया है। फिलहाल आरोपी की हालत नाजुक बताई जा रही है।



सिरगिट्टी पुलिस ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी हार्दिक खान को एफआईआर के तत्काल बाद गिरफ्तार किया था, उसपर आरोप है कि क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था, जिसकी रिपोर्ट परिजनों ने थाने दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट का मामला दर्ज किया। पुलिस की कार्रवाई से डरे सहमे आरोपी ने थाने में ही पानी की बोतल का ढक्कन निगल लिया। जानकारी मिलते ही आनन फानन में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख सिम्स रिफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल भी अस्पताल पहुंचे। आरोपी हार्दिक खान का इलाज सिम्स में जारी है। खास बात यह है कि आरोपी पहले से ही शादीशुदा है और रेलवे के एक अधिकारी के घर पर ड्राइवर का काम करता है। ।

## परिजनों ने मचाया हंगामा

जिला अस्पताल में आरोपी का इलाज किया जा रहा था, इस दौरान परिजनों ने इलाज कर रहे डाक्टर और स्टाफ के साथ हुज्जतबाजी की और हंगामा मचाना शुरू कर दिया। जिससे अस्पताल का माहौल काफी गर्म हो गया। परिजनों ने पुलिस और अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# छात्रा की संदिग्ध मौत, दो दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

**बिलासपुर।** सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम खांडा में बीएससी सेकेंड ईयर की छात्रा द्वारा आत्महत्या करने के मामले में दो दिन बाद भी पुलिस को सुराग नहीं मिल सका है।



बताया जा रहा है कि पुलिस ने छात्रा का मोबाइल फोन जब्त कर साइबर एक्सपर्ट के पास भेजा है, लेकिन आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लगाया जा सका है। सीपत के गांव खांडा में बुधवार को बीएससी सेकेंड ईयर की छात्रा ईशा मानिकपुरी (21) ने अपने ही घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। परिजनों के अनुसार ईशा ने रोज की तरह दोपहर को खाना खाने के बाद अपने कमरे में पढ़ाई करने गई थी, लेकिन शाम करीब साढ़े सात बजे तक जब वह बाहर नहीं आई तो कमरे की लाइट जलाने परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। कमरे में ईशा की लाश पंखे से लटकी मिली। घटना की सूचना सीपत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरूवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# साइबर अपराध के लिए आरोपियों ने दिया अकाउंट

**बिलासपुर।** साइबर अपराधियों के रूपए की हेरफेर के लिए अपना बैंक एकाउंट ठगों को देने के आरोप में 5 आरोपियों पर जिले की पुलिस ने शिकंजा कसते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

क्राईम पोर्टल में रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच के लिए रेंज साइबर थाना को निर्देशित किया गया था। इस दौरान नेशनल साइबर क्राईम पोर्टल में संदिग्ध्य बैंक खातों की पड़ताल की गई, जिसमें म्यूल बैंक अकाउंट की जांच की बात सामने आई है। जांच के दौरान पीड़ितों की पहचान कर उनसे घटना के संबंध में जानकारी एकत्र की गई। साइबर क्राईम पोर्टल की रिपोर्ट, बैंक खाता में हुए ट्रांजेक्शन, एक ही व्यक्ति के अधिक बैंक अकाउंट एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाने तथा अकाउंट का डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग, फर्जी ऐप, क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक केवाईसी अपडेट एवं गूगल सर्च जैसे साइबर अपराध में उपयोग करने वाले लोगों को चिन्हांकित किया गया। साइबर थाने व एसीसीयू की संयुक्त टीम ने तकनीकी जानकारी के आधार पर संभावित ठिकानों में दबिश देकर 5 आरोपियों गिरफ्तार किया है और उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले में तालापारा निवासी अकिल खान पिता रसिद खान उम्र 25 वर्ष, वार्ड नं 1 सेंदरी कोनी निवासी नरेश कुमार केंवट पिता छन्नू लाल केंवट उम्र 22, जयराम नगर निवासी व्यासनारायण पिता गयाराम गोंड़ उम्र 40 वर्ष, वार्ड 4 किसानपारा जयराम नगर निवासी रामेश्वर मरकाम पिता जुडावन मरकाम उम्र 27 वर्ष, बापू उपनगर वार्ड 53 तोरवा निवासी अजय कुमार ध्रुव पिता शीव कुमार ध्रुव उम्र 30 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

■ 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## क्या है म्यूल अकाउंट

ये वे बैंक अकाउंट्स होते हैं जिनका इस्तेमाल साइबर अपराधी ठगी के पैसों को ट्रांसफर करने के लिए करते हैं। सामान्य भाषा में कहें तो साइबर अपराधी आम लोगों से ठगे हुए पैसों को अपने अकाउंट में ट्रांसफर नहीं करते हैं। वे इन पैसों को पहले किसी म्यूल अकाउंट में ट्रांसफर करते है, पूरी प्रक्रिया एक चेन की तरह काम करती है, जिससे ठगी के पैसों को ट्रैक कर पाना मुश्किल हो जाता है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152



11-APR--REGNOL--pg-5-ALTAR_Layout 1 4/12/2025 12:06 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### आदिश्वर जैन पाठशाला में प्याऊ घर का उद्घाटन



**पेंड्रा।** भगवान महावीर के मूल्य को पांच महाव्रत माना जाता है अहिंसा, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य। इनके अनुकरण से ही आत्म कल्याण संभव है। आज जब दुनिया में तनाव और वैमनष्य फैला है, ऐसे में भगवान महावीर का संदेश हमें अपने भीतर जीव दया का भाव जागृत करने की प्रेरणा देता है। भगवान महावीर जन्मकल्याणक अवसर पर आदिश्वर जैन पाठशाला में एक प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया, जिससे बच्चों के अंदर सेवा भाव के भाव जागृत हो सके। जैन समाज की शोभा यात्रा में आदिश्वर पाठशाला के बच्चों के ने 'जीव दया पर नुक्कड़ नाटक' प्रस्तुत किया। शाम को श्री आदिश्वर पाठशाला द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें भगवान महावीर के जन्मोत्सव कार्यक्रम, तीर्थ रक्षा और जंगल जंगल मुख्य आकर्षक था। साथ ही प्रश्न उत्तर राउंड के बाद सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पाठशाला परिवार की शिक्षिका शिल्पा नीतेश जैन, रेशु विपिन जैन, नंदा पीयूष जैन, शिल्पा सौरभ जैन, वर्षा विनय जैन, कविता विकास जैन, बीनू सौरभ जैन, पलक जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सिद्ध मुनि आश्रम में मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा



**जरहागांव।** सिद्ध मुनि आश्रम बटहा नवागांव में मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा मनीराम पटेल पिता स्व मंगलुराम पटेल द्वारा कराई गई। कार्यक्रम के यजमान सरस्वती देवक राम पटेल रहे एवं आचार्य राम कुमार पाठक द्वारा विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच टेकलाल पटेल, उप सरपंच नरेंद्र पटेल, मलेश पटेल, रामधुन पटेल, कृष्णा पटेल, विमल पटेल, रामगोपाल दीक्षित, मोहन पटेल, अश्वनी पटेल, दिलेश्वर पटेल, हेमंत कश्यप, भानु कश्यप, जनक पटेल, कार्तिक पटेल, बेनीराम पटेल, मारकंडे पटेल, दौलत सिंह ठाकुर, सुरेश पटेल, संतोष साहू, दिनेश शुक्ला, मुन्ना महाराज, टिंगालू कश्यप, शत्रुघ्न कश्यप, नेतराम कश्यप, नेतराम साहू, व्यास पटेल, हरिराम यादव, कबीर दास मानिकपुरी, चेतन दास मानिकपुरी, महावीर पटेल, रमा पटेल सुशील पटेल, लालूस पटेल, रोहित कश्यप सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### मृतक संविदाकर्मी की पत्नी को मिली बीमा पेंशन की एरियर्स राशि



**लोरमी।** लोरमी के ग्राम बिचारपुर निवासी स्व दशरथ सिंह राजपूत मनरेगा योजना के अंतर्गत जिला पंचायत में सहायक ग्रेड-3 संविदा के पद पर कार्यरत थे। उनके निधन के बाद प्रशासन ने उनकी सविता राजपूत को बीमा एवं पेंशन एरियर्स की 5 लाख 68 हजार रुपए की राशि प्रदान की। दशरथ सिंह राजपूत की सड़क हादसे में असामयिक मृत्यु से परिवार को गहरा आघात पहुंचा था। मनरेगा विभाग द्वारा संविदा कर्मियों को कर्मचारी भविष्य निधि में पंजीकृत करने की पहल से यह सहायता संभव हो सकी। इसके अतिरिक्त मनरेगा के तहत उन्हें 1 लाख रुपए की अनुकंपा अनुदान राशि भी दी गई है। साथ ही सविता राजपूत को आजीवन 2 हजार 9 सौ 1 रुपए प्रतिमाह पेंशन तथा दोनों बच्चों को 25 वर्ष की आयु तक 7 सौ रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी। कलेक्टर राहुल देव एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय के निर्देशानुसार मृतक कर्मचारी के परिजन को कर्मचारी भविष्य निधि के तहत मिलने वाली बीमा एवं पेंशन की राशि शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु त्वरित कार्यवाही की गई।

### नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**मुंगेली।** प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए आवेदन भरे जा रहे हैं, जिसके लिए विद्यार्थी 25 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में त्रुटि सुधार 26 अप्रैल से 28 अप्रैल तक किए जा सकेंगे। जारी सूचना के आधार पर बीएससी नर्सिंग की संभावित परीक्षा तिथि 29 मई है। इन परीक्षाओं की जानकारी के लिए व्यापम की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। विदित हो कि बीएससी नर्सिंग परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए निःशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबद्ध डॉ ब्रास मास्टर की एकेडमी द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में दी जा रही है।

## सुशासन तिहार में मिल रहे अजीबो गरीब आवेदन

# नई शराब दुकान खोलने के आदेश पर रोक लगाने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सुशासन तिहार के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नई 67 शराब दुकान खोलने के आदेश पर रोक लगाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन प्रस्तुत करने का मुख्य उद्देश्य आने वाले पीढ़ी बच्चे बुजुर्ग नौजवान नशे की चपेट में ना आ सके।

ग्राम पंचायत लिलवाकापा के आश्रित ग्राम दुल्हिन बाय के भगवती मानव कल्याण संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता गणेश यादव द्वारा अपने पंचायत में सुशासन तिहार के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नए 67 शराब दुकान खोलने के आदेश पर रोक लगाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन प्रस्तुत करने का मुख्य उद्देश्य आने वाले पीढ़ी बच्चे बुजुर्ग नौजवान नशे की चपेट में ना आ सके। यह एक सामाजिक बुराई है जिसको सरकार द्वारा परोसा जा रहा है और जिससे समाज में अपराध बलात्कार चोरी जैसे अन्य घटनाएं नशा के कारण



सुशासन तिहार में आवेदन देते कार्यकर्ता।

देखने को मिल रहे हैं। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार की है। इसलिए भगवती मानव कल्याण संगठन के सकरी कार्यकर्ता गणेश यादव द्वारा यह मांग रखा गया है कि छत्तीसगढ़ में 67 स्थान पर शराब की दुकान खोलने की की आदेश रोक लगाने के लिए यह मांग रखा गया है। जिससे आने वाले नहीं युवा पीढ़ी नशा से बच सके। उसके घर में सुख शांति आ सके। भगवती मानव कल्याण संगठन विश्व कल्याण की भावना को लेकर कार्य कर समाज में कार्य कर रहा है।

### अपर कलेक्टर ने ली जानकारी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन-प्रशासन स्तर के प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर राहुल देव के निर्देश पर अपर कलेक्टर जीएल यादव ने जनपद पंचायत मुंगेली में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों एवं ऑनलाइन प्रविष्टि का अवलोकन कर जानकारी ली और ऑनलाइन प्रविष्टि कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के साथ आवेदन को संबंधित विभाग को अग्रेसित करने के निर्देश दिए।



जनता से संवाद करे जिला पंचायत सीईओ।

# जिपं सीईओ ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर ली समस्याओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भर्रीडांड़

शासन द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने मरवाही विखं के दूरस्थ अंचल ग्राम कटरा, बेलझिरिया, उषाढ और तेंदुमुडा का दौरा कर ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया। वन-टू-वन चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने सीईओ से अपनी मूलभूत समस्याएं साझा की, जिसमें कटरा ग्राम पंचायत में पीने के पानी की गंभीर समस्या प्रमुख रूप से सामने आई।

ग्रामीणों ने बताया कि यहां का जल स्तर अत्यंत नीचे जा चुका है, जिस पर संज्ञान लेते हुए सीईओ वैद्य ने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन को निर्देशित किया कि पानी की समस्या वाले ग्रामों में तत्काल वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही ग्राम स्तर पर टैंकरों की व्यवस्था हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों में प्रधानमंत्री आवास, जमीन का बंटवारा, फौती नामांतरण, हैंडपंप एवं कूप खनन, मुर्गीपालन, भूमि सीमांकन, नाला स्टॉप डैम एवं स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल रहीं। ग्राम कटरा में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को देखते हुए सीईओ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा तथा खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि नियुक्त स्वास्थ्य अमले को आवश्यक स्वास्थ्य किट तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति और राशि प्राप्त हो चुकी है, उनके आवास का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाए। साथ ही उन्होंमे निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों को को आवास योजना का लाभ नहीं मिला है, उनका सर्वे कर उन्हें सूची में जोड़ा जाए। मुर्गी पालन गतिविधियों पर आए आवेदनों पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक दुर्गाशंकर सोनी को समूहों के सीआईएफ और बैंक लिंकेज के माध्यम से आजीविका गतिविधियां तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए गए। ग्राम डोंगरिया में एनआरएलएम महिला स्वसहायता समूहों द्वारा साबुन निर्माण गतिविधि का निरीक्षण करते हुए सीईओ ने महिलाओं का उत्साहवर्धन किया और इस गतिविधि को वृहद स्तर पर विकसित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक महिलाएं स्वावलंबी बनें और आर्थिक रूप से सशक्त होकर लखपति दीदी बनें। इस अवसर पर जनपद पंचायत मरवाही के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय सागर, जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम दुर्गाशंकर सोनी, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, आवास मित्र, रोजगार सहायक एवं पीआरपी कैडर समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## पूर्व एल्डरमैन ने दिया पानी की समस्या निबटाने का आवेदन

**तखतपुर।** सुशासन तिहार के तहत नगर पालिका क्षेत्र में भी विभिन्न वार्डों में शिविर लगाकर लोगों से मांग और शिकायत का आवेदन लिया जा रहा है।सुशासन तिहार के तहत वार्ड क्रमांक 6 निवासी एवं पूर्व एल्डरमैन नट्टू जायसी ने धोबी पारा एवं पाठकपारा में बोर एवं पाईप लाइन विस्तार, पाठकपारा ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने तथा धोबीपारा बसोर घाट, मुसलमान मोहल्ला घाट में महिलाओं के लिए स्नानागार तथा पूर्व में स्वीकृत नाली निर्माण कार्य को तत्काल पूर्ण कराए जाने के संबंध में आवेदन दिया। इस दौरान नट्टू जायसी ने कहा कि लम्बे समय से वार्ड क्रमांक 6 के निवासी पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हैं इसलिए पानी की समस्या इस वार्ड की प्रमुख समस्या है इसके साथ ही पाठकपारा में लगे ट्रांसफार्मर में लोड अधिक बढ़ जाने के कारण आए दिन बिजली की समस्या बनी रहती है। इसका एक ही समाधान है कि इस ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाया जाए ताकि वार्डवासीयों को बिजली संबंधित समस्या से निजात मिल सके।



## 42 दिव्यागंजन मोटराईज्ड ट्रायसायकल के लिए पात्र

**मुंगेली।** जिले के अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को सीएसआर योजना अंतर्गत निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं सुगम्य केन प्रदान करने के लिए नगर पंचायत पथरिया के सभाकक्ष में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 42 दिव्यागंजनों को मोटराईज्ड ट्रायसायकल के लिए पात्र पाया गया। इन्हें मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया जाएगा, जिससे दिव्यागंजनों को चलने-फिरने एवं अन्य दैनिक कार्यों को करने में सहूलियत मिलेगी।



कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने आयोजित शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने दिव्यांगजनों को पात्रतानुसार ट्रायसायकल प्रदान करने तथा आगामी शिविरों में इसके साथ-साथ स्वास्थ्य, पेंशन आदि योजनाओं से जुड़े स्टॉल लगाने के भी निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने पात्र दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ दिलाने संवदेनशीलता से कार्य करने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक एपी गौतम ने बताया कि जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 12 अप्रैल को जनपद पंचायत लोरमी के सभाकक्ष में और 13 अप्रैल को जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने शिविर में दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड आदि दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा है।

## भगवान अपने भक्तों की रक्षा करने स्वयं प्रकट होतो हैं

**लोरमी।** संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा महोत्सव का आयोजन खुशबू आदित्य वैष्णव, नंद किशोर वैष्णव के वार्ड क्रमांक 7 स्थित निवास पर 8 अप्रैल से किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित रामदेव चतुर्वेदी वृंदावन ने चौथे दिन की कथा में ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि हिरण्यकश्यप ने भगवान से कहा कि मुझे ब्रम्हा से वरदान प्राप्त हैं। मुझे कोई नहीं मार सकता। प्रह्लाद बचपन से ही भगवान का भक्त थे। हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को मारने पहाड़ से ढकेला, समुद्र में फेंकवाया, हाथी से कुचलवाने का प्रयास किया, सर्प से डसवाया एवं जहर पिलवाया, होलिका प्रहलाद को लेकर अग्नि में बैठी, लेकिन होलिका जलकर भस्म हो गई प्रहलाद जीवित निकला। पंडित चतुर्वेदी ने कहा जिसकी भगवान रक्षा करते हैं उसका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्य कश्यप का संहार किया। इस अवसर पर गौर कापा धाम के महंत विवेक गिरी महाराज, नंद किशोर वैष्णव, खुशबू आदित्य वैष्णव, चंद्र किशोर वैष्णव, श्याम किशोर वैष्णव, आकाश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में श्रोता गण उपस्थित रहे। कथा के पांचवें दिन वामन अवतार, श्रीराम अवतार, श्री कृष्ण अवतार की कथा का श्रवण कराया जाएगा।



## नवोदय व एकलव्य विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान

**बिल्हा।** निशुल्क कोचिंग 'शिक्षा एक सेवा' टीम बिल्हा के तत्वाधान में जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा में नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजन में बतौर अतिथि नपं अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, पार्षद मोहन ढोरिया, विखं शिक्षा अधिकारी सुनीता ध्रुव, विखं स्त्रोत समन्वयक देवी प्रसाद चंद्राकर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गुरदीप सिंह सलूजा मौजूद रहे। विखम बिल्हा से नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य आदर्श विद्यालय के लिए चयनित 25 छात्रों कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नपं अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे ने कहा कि शासन की योजनाओं को सभी तक पहुंचाने का प्रयास सराहनीय है। आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान बच्चों के सफल होने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य आदर्श विद्यालय अच्छा माध्यम है। उपाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि निशुल्क कोचिंग का लाभ नगर के साथ पूरे विकास खंड को मिल रहा है, जो बिल्हा के लिए गौरव की बात है। सुनीता ध्रुव एवं देवी प्रसाद चंद्राकर व केशव वर्मा ने विभिन्न जानकारी दी। कार्यक्रम में केदार दुबे, योगेंद्र गौरहा, डीएन यादव, दीप्ति अल्फ्रेड, राकेश शुक्ला, संजय यादव, साधराम मरकाम प्रधान पाठक, राजेश यादव, कलेश्वर साहू, पुनीराम साहू, श्वेता केशरी, सूर्यकांत कौशिक, अनीता कौशिक, कृष्णा कौशिक, रेखा गायकवाड़, मीना डहरिया, श्यामनाथ बनर्जी, जोसेफ खल्खो, मुरारी कौशिक, कांति कंवर, मदन एक्का, मोतीलाल सेन, बेदराम जांगड़े, हजारी कौशिक सहित अन्य मौजूद थे।



## नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को तेलंगाना से गिरफ्तार किया गया। दुष्कर्म के आरोपी एवं सहयोगी आरोपियां को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

प्रार्थी ने 18 मार्च को थाना लालपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग लड़की अपनी सहेली के साथ पैसा निकालने के लिए ठेलका नवागांव जा रहे हैं कहकर निकली हैं। अभी तक घर वापस नहीं आई है। सहेली से पूछने पर कोई विशेष जानकारी नहीं बता रही हैं। प्रकरण में विवेचना दौरान सायबर सेल से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर एवं मुखबिर सुचना पर अपहता व संदेही जो अब्दुल्लापुरमेंट आंध्रप्रदेश में होने की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस टीम आंधप्रदेश रवाना किया गया। पुलिस टीम आंध्रप्रदेश पहुंचकर पता तलाश किये जो अपहता एवं संदेही तेलंगाना राज्य मे होना पता चलने पर तत्काल पुलिस टीम तेलंगाना राज्य जाकर पतासाजी कर 7 अप्रैल को अपृहता को आरोपी सत्यप्रकाश रात्रे के कब्जे से बरामद किया गया। तत्पश्चात आरोपी को अभिरक्षा में लेकर एवं पीड़ति अपहता को सकुशल परिजनों के साथ लेकर थाना वापस आए। आरोपी सत्य प्रकाश रात्रे पिता कृष्णा कुमार रात्रे उम्र 20 वर्ष साकिन बेडापारा थाना लोरमी एवं सहआरोपी कविता पात्रे पिता ओंकार पात्रे उम्र 24 वर्ष निवासी बंशापुर थाना लालपुर के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।



## आवास मित्र को किया गया सेवा से पृथक

**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव द्वारा पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का शत प्रतिशत लाभ दिलाने और अनियमितता एवं लापरवाही की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत मुंगेली के धनगांव ग्राम में आवास मित्र के रूप में कार्यरत इमरान खान के कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता पाए जाने पर उन्हें सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि आवास मित्र इमरान खान के विरुद्ध निर्माणाधीन एवं निर्मित आवासों में नियम विरुद्ध गलत जियो टैगिंग और अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जांच के निर्देश दिए थे। जांच उपरांत उक्त तथ्य सही पाया गया, जिसके आधार पर मुंगेली जनपद सीईओ द्वारा आदेश जारी कर यह कार्रवाई की गई है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता, शिकायत

**सरगांव।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बावली में प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी अनियमितता सामने आ रही है, जिसे लेकर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने मोर्चा खोल दिया।

पथरिया जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत बावली में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास ते तहत 2024-25 में स्वीकृति आवास में तत्कालीन सरपंच, सचिव, आवास मित्र एवं हितग्राहियों ने मिलकर भारी अनियमितता की। इसके खिलाफ वर्तमान क्षेत्रीय जनपद सदस्य उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पथरिया दीपिका चंद्रशेखर कौशिक ने अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई है। उपाध्यक्ष कौशिक ने बताया कि एक ही परिवार के दो-तीन सदस्यों का आवास स्वीकृति होने पर एक ही हितग्राही का आवास निर्माण कराया गया एवं अन्य सभी की राशि का आहरण कर लिया गया। कुछ हितग्राहियों ने पुराने मकान में प्लास्टर कराकर पूरी राशि का आहरण कर लिया तो कुछ हितग्राहियों ने बैगर एक पैसा खर्च किए ही पूरी राशि का आहरण किया। इसी तरह कुछ हितग्राहियों के नाम से आवास तो स्वीकृत तो हुए हैं, लेकिन हितग्राहियों की राशि अन्य किसी के खाते में डलवाई गई है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि तत्कालीन सरपंच एवं सचिव ने ग्राम पंचायत बावली के नाम से लेटर बनाकर राशि आहरण हेतु अनुशंसा भी की है, जिससे आवास हितग्राहियों से पैसे के लेन-देन की आशंका है।



### की जाएगी कार्रवाई

यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इसमें किसी प्रकार की मनमानी नहीं चलेगी। ग्राम पंचायत बावली में प्रधानमंत्री आवास योजनाओं में अनियमितता को लेकर लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। जल्द टीम बनाकर दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**-भरोसाराम ठाकुर,** अनुविभागीय अधिकारी

## जिला कार्यालय में भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन

# भाजपा एक परिवार, कार्यकर्ता ही असली पूंजीः मरपच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

जीपीएम के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह के अवसर पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मंडलों के सक्रिय सदस्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता, नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची ने कहा कि भाजपा एक परिवार है और हमारे कार्यकर्ता ही इस संगठन की असली पूंजी हैं। भाजपा का कार्यकर्ता भाजपा सरकार की योजनाओं को धरातल पर ले जाने के साथ साथ लोगों को भाजपा से जोड़े रखता है और उनके सुख दुख में सम्मिलित होता है। विधायक प्रणव मरपच्ची ने कहा कि आज हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री



चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते जनप्रतिनिधि।

विष्णुदेव साय के रूप में विकास पुरुष मिले हैं, जो लगातार गरीब, किसान, मजदूर, महिला एवं युवाओं के लिए काम कर रहे हैं। कार्यक्रम को भाजपा नेता बृजलाल सिंह राठौर, मथुरा सोनी, रामजी श्रीवास आदि नेताओं ने संबोधित किया।इस अवसर पर भाजपा जनसंघ के गठन से लेकर अब तक की यात्रा की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसका सभी ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, उपाध्यक्ष नीरज जैन, कुबेर सिंह, दिलीप यादव, राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, समीरा पैकरा, रितेश फरमानिया, तापस शर्मा, शिवनाथ बघेल, राजकुमार रोहणी, पवन पैकरा, भंवर सिंह गोवास, मनोरमा गुप्ता, रानू नामदेव, राखी सिंह गहलोत, उमा कात्यानी, रमा राठौर, मीनाक्षी यादव, दुर्गी कोल, अंकुर गुप्ता, सरिता राठौर, अजय तिवारी, सचिन जैन, संतोष अग्रवाल, राजकुमार पूरी, बेचन मिश्रा, आदित्य गुप्ता, गंगोत्री राठौर, सिद्धार्थ दुबे, कुबेर तिवारी, लक्ष्मी तुर्केल, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती पर बाइक रैली को सफल बनाने हुई बैठक



**तखतपुर।** राजपुर में भारतरत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को बाइक रैली और 15 अप्रैल को मेड़पार बाजार में विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव खांडे, बिलासपुर जिलाध्यक्ष बिहारी सिंह टोडर, तखतपुर ब्लाक उपाध्यक्ष कोमल दिनकर, ब्लाक उपाध्यक्ष कौशल माथुर, राहुल खांडे-ब्लाक कार्यकरणी सदस्य, राजू खांडे- सरपंच राजपुर, दिनेश घृतलहरे, सरपंच मेडपार बाजार, दिलीप पात्रे- पूर्व सरपंच भुण्डा, ब्लाक महासचिव रामकुमार कुर्रे, रामचंद्र बंजारे, यशवंत भारद्वाज, ऋषि खांडेकर, हरि कुर्रे, दरस कुर्रे, पंकज खांडे, सुखनंदन खांडे, परमेश्वर लहरे ,पोलोराम कुर्रे, रामलाल घृतलहरे आदि उपस्थित थे।